ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान: अधिकतम :18°C न्यूनतम: 13°C
सेंसेक्स 74,612.43 निफ्टी 22,545.05
सोना 88,155 चांदी 98,000

बरेली, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 96 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2081 29 शाबान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# जीएसटी-सीमा शुल्क मामलों में सुप्रीम फैसला

## एफआईआर के बिना भी मिल सकती है अग्रिम जमानत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है और निर्देश दिया कि अधिकारियों की प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के भीतर रहनी चाहिए।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तारी की शक्तियों को स्पष्ट करते हुए और एक ऐतिहासिक फैसले में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि इन कर कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारियों का दर्जा नहीं रखते हैं और इस तर्क को खारिज कर दिया कि उन्हें ऐसा माना जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के अंतर्गत प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय इन कानूनों के अंतर्गत की गई गिरफ्तारियों पर समान रूप से लागू होंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें अग्रिम जमानत प्रावधान लागू होते हैं, जो लोगों को एफआईआर दर्ज होने से पहले ही न्यायपालिका से राहत मांगने की अनुमति प्रदान करते हैं। पीठ ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तारी सत्यापित सामग्री पर आधारित होनी चाहिए, न कि केवल संदेह के आधार पर। उसने कहा कि इन -शेष पृष्ठ दो पर

### भोपाल का जहरीला कचरा पीथमपुर में ही जलेगा

**नई दिल्ली।** भोपाल गैस त्रासदी से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने यूनियन कार्बाइड के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने मध्य प्रदेश के पीथमपुर में खतरनाक अपशिष्ट के निपटान संबंधी गुरुवार के परीक्षण पर भी रोक लगाने से इन्कार कर दिया।

# राज्यों के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी: पुष्कर धामी

## 126 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत 126 नवनियुक्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। पिछले साढ़े तीन सालों में राज्य में 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नौकरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन आपके जीवन में एक नया अध्याय लेकर आया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नव चयनित अभ्यर्थी लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई ग्राम पंचायत के अभिन्न अंग बनकर गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करेंगे। राज्य के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी है। गांवों के विकास में एक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भूमिका अत्यंत

**■ साढ़े तीन साल में 20 हजार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी**

महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून में सजा और जुर्माने के कठोर प्राविधान किए गए हैं। जब मेहनती और ईमानदार व्यक्ति अपनी लगन और मेहनत के दम पर कोई पद प्राप्त करता है, तो वह आम लोगों की पीड़ा और समस्याओं को समझकर ईमानदारी से अपना काम करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से शहरों के साथ गांवों के विकास पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। राज्य में सख्त भू-कानून के लिए विधानसभा में विधेयक पारित हो चुका है।

### दो वर्षों में सभी पंचायतों में होंगे कंप्यूटर: महाराज

पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जनवरी 2025 में समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखंड यह कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में अवस्थापना सुविधाओं के तहत पंचायत भवनों का निर्माण, अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराए जा रहे हैं। विभाग द्वारा परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों में कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है। आगामी दो वर्षों में सभी पंचायतों में कंप्यूटर स्थापित किए जाएंगे।



### यूएई में रमजान माह में सिर्फ तीन घंटे काम

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# सम्भल जामा मस्जिद की होगी रंगाई-पुताई!

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई से मांगी रिपोर्ट

प्रयागराज, वार्ता

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने कहा है कि संरक्षित स्थल होने के कारण वह सम्भल स्थित जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की अनुमति नहीं दे सकता है। कोर्ट ने इस संबंध में अब एएसआई से रिपोर्ट मांगी है। वैसे कोर्ट ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी की निगरानी में रंगाई-पुताई हो सकती है।

इसके लिए कोर्ट ने एएसआई और वैज्ञानिक के अलावा प्रशासन के एक अधिकारी की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने को कहा है। तीन सदस्यीय कमेटी मस्जिद परिसर का निरीक्षण करेगी और यह तय करेगी कि किसी स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाए बिना रंगाई-पुताई कैसे की जाए। एएसआई तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट शुक्रवार को यह तय करेगा कि कैसे बिना ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई-पुताई होगी। वैसे मंदिर पक्ष और एएसआई की तरफ से जामा मस्जिद की प्रबंध समिति की याचिका का विरोध किया गया। प्रबंध समिति ने रमजान का महीना शुरू होने से पहले रंगाई-पुताई व मरम्मत की अनुमति के लिए याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने इस मामले में केंद्र व राज्य सरकार सहित एएसआई से जानकारी मांगी थी। प्रबंध समिति ने इससे पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के समक्ष आवेदन दाखिल कर रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई व मरम्मत की अनुमति मांगी थी। इसे एएसआई ने खारिज कर दिया था। इससे पहले जामा मस्जिद में रंगाई पुताई की अनुमति न देने के संबंध में सनातन सेवक संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीदार को सौंपा था।

संघ का कहना है कि यह स्थल प्राचीन मंदिर था, जिसका लगातार स्वरूप बदलने का प्रयास किया गया है। अब भी रंगाई-पुताई कर इसे बदलने की कोशिश की जा रही है।



**■ रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट तय करेगा कैसे बिना ढांचे को नुकसान पहुंचाए रंगाई-पुताई हो**

**■ मंदिर पक्ष और एएसआई ने जामा मस्जिद की प्रबंध समिति की याचिका का किया विरोध**

### जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची ASI की टीम

**सम्भल।** उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम गुरुवार को जामा मस्जिद की पुताई और सजावट का सर्वे करने के लिए पहुंची। टीम ने मस्जिद की वास्तविकता का आकलन किया। इसके बाद तैयार रिपोर्ट न्यायालय में पेश की जाएगी। गौरतलब है कि जामा मस्जिद में हाल ही में हुई रंगाई-पुताई और सजावट को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। इसके बाद मामला उच्च न्यायालय पहुंचा। न्यायालय ने इस पर संज्ञान लेते हुए एएसआई को जांच के निर्देश दिए थे। एएसआई की टीम ने मस्जिद के हर हिस्से की बारीकी से जांच की। अब इसकी रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश की जाएगी।

### दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल गया है। आसमान में बादल छाए रहे। गुरुवार सुबह दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बूंदाबांदी देखी गई। बारिश के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कई दिनों से दिल्ली एनसीआर में मौसम गर्म होने लगा था, ऐसे में गुरुवार को हुई बूंदाबांदी ने मौसम में ठंडक ला दी है। इससे पहले मौसम विभाग ने दिल्ली में गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने की आशंका जताई थी। इस दौरान 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया था। इसके चलते सुबह व शाम ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है।

### 'आप' विधायकों ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोकने के खिलाफ गुरुवार को परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पर कर दी। 'जय भीम' के नारे लगाने के लिए तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों को सदन से निलंबित किया और गुरुवार को 'आप' विधायकों को विधान सभा परिसर में घुसने भी नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि ऐसा दिल्ली विधानसभा के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि चुने हुए विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर नहीं घुसने दिया जा रहा। सुश्री आतिशी अपनी पार्टी के विधायकों के साथ धरने पर बैठ गई हैं और बैरिकेडिंग के पास प्रदर्शन किया।

### कैग की रिपोर्ट विधान सभा की लोक लेखा समिति को प्रेषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की आबकारी नीति से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को गुरुवार को लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास भेज दिया। विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पर हुई विस्तृत चर्चा के बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की अनुपस्थिति में इसे पीएसी के पास भेजने की घोषणा की।

# महाकुंभ में लगे सफाईकर्मियों को 10 हजार बोनस का ऐलान

**महाकुंभनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुंभ में कार्यरत रहे स्वच्छता कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान करने का ऐलान किया।

मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छता कर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुंभ के महा आयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, -शेष पृष्ठ दो पर



**यूपी में सफाईकर्मियों का वेतन हुआ 16000 प्रति माह**

### योगी को भेंट किया गया तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र

**महाकुंभनगर।** मुख्यमंत्री योगी को मेला प्राधिकरण द्वारा बनाए गए तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गुरुवार को भेंट किया गया। मुख्यमंत्री को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से मेला प्राधिकरण द्वारा स्थापित तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में से पहला एक साथ सर्वाधिक लोगों (329) द्वारा एक ही समय में कई स्थलों पर नदी की सफाई, दूसरा एक साथ सर्वाधिक संख्या 19 हजार सफाईकर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाए जाने और तीसरा आठ घंटे तक सर्वाधिक 10 हजार 102 लोगों द्वारा हैंडप्रिंट बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल रहा।

# वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी

## रिपोर्ट में दावा: 10 मार्च से होने वाले बजट सत्र में लाना संभव, विपक्ष जता चुका विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी। 13 फरवरी को राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को शामिल नहीं किया।






# किसानों की जमीन छीनना चाहती है केन्द्र की मोदी सरकार: राकेश टिकैत

**शाहजहांपुर, वार्ता**

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि देश में कृषि हड़ताल की जरूरत है। सरकार किसानों की जमीन छीनना चाहती है और व्यापारी जमीन को खरीदना चाहता है। इससे सावधान रहना होगा। प्रदेश सरकार ने किसानों की बात नहीं मानी, तो अगली बार सरकार नहीं बनने देंगे।

राकेश टिकैत सोमवार को पुवायां के मंडी समिति परिसर में आयोजित किसान महापंचायत में जिलेभर से आए किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो सरकार गन्ने का रेट नहीं बढ़ा सकती, भुगतान नहीं दिला सकती, वह सरकार किसानों की हितैषी कैसे हो सकती है। उन्होंने कहा कि किसानों को एमएसपी कानून हर हाल में चाहिए। इसके लिए कृषि कानूनों के खिलाफ हुए आंदोलन से बड़े आंदोलन की जरूरत है। किसान नेता ने कहा कि सरकार में बैठे लोगों ने देश में हजारों किसान संगठन



■ भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा: और व्यापारी जमीन को खरीदना चाहता है, इससे सावधान रहना होगा

खड़े करा दिए हैं, क्या देश में कोई दूसरी भाजपा बनी है? यह किसान संगठनों को तोड़ने की बड़ी साजिश है, जमीन छीनने की साजिश है। सभी को एकजुट रहना है, घरेलू क्लेश का लाभ दूसरे उठाते हैं। बिहार में मंडी समिति 2006 से बंद कर दी गई हैं। अवैध खरीद होती है। बिहार में अब किसान नहीं केवल श्रमिक तैयार होते हैं। सरकार की पक्कलिसी चलती रही, तो हमारे यहां भी श्रमिक ही तैयार होंगे।

इससे पूर्व किसान नेता का पुवायां में तमाम पदाधिकारियों ने स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया। महाप. ंचायत को प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत सिंह, प्रदेश सचिव ओमप्रकाश सिंह, मध्यांचल प्रभारी बलवीर सिंह, तराई प्रदेश अध्यक्ष बलजिंदर सिंह मान, तराई उपाध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, बरेली मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह कहलो, शाहजहांपुर जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव, लखीमपुर खीरी के दिलबाग सिंह, हरदोई प्रगट सिंह, सीतापुर के मयंक सिंह चौहान, बरेली के सोमवीर सिंह, गगनदीप सिंह, युवा जिलाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह लोधी आदि ने भी संबोधित किया।

## विपक्ष का रवैया निंदनीय: विजेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को कहा कि सदन की कार्यवाही के पहले दिन विपक्ष ने जिस प्रकार का रवैया अपनाया है, उसकी वह कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। गुप्ता के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बधाई प्रस्ताव में कहा कि उन्होंने दिल्ली की सेवा में अपना जीवन बिताया। उनके अनुभव, ज्ञान और सामाजिक जीवन के अनुभव से सदन को लाभ मिलेगा। सबको नियमों का पालन कराते हुए सदन को चलाएंगे, ऐसी हमारी अपेक्षा है।

नेता विपक्ष आतिशी ने सभी साथियों की ओर अध्यक्ष निर्वाचित होने पर गुप्ता को बधाई दी। उन्होंने बधाई देने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से भीम राव अंबेडकर और शहीद-ए-आजम भगत सिंह की तस्वीर हटाकर सरकार ने दलितों और सिखों का अपमान किया। यह भारतीय जानता पार्टी का दलित विरोधी चेहरा है। उनके इस बयान से सदन में शोर शराबा होने लगा। सत्ता पक्ष ने उनके बयान पर आपत्ति जताई। इस बीच गुप्ता ने कहा यह शिष्टाचार का समय था, उसका पालन करना चाहिए था। उन्होंने इसे राजनीतिक मंच की तरह इस्तेमाल किया। वह सुश्री आतिशी के इस व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। विपक्ष का गैरजिम्मेदार रवैया सही नहीं है। विपक्ष सदन को नहीं चलाना चाहता है। सदन में अराजकता बर्दास्त नहीं की जाएगी।

# असम में चल रहा जंगल राज: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ प्रदेशाध्यक्ष भूपेन बोरा व सांसद रकीबुल हुसैन ने हमले का आरोप लगाया
■ असम को लूट रहे हैं विश्व शर्मा, उनके भ्रष्टाचार पर संज्ञान लें मोदी: कांग्रेस

असम कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन बोरा तथा राज्य के धुबरी से पार्टी के लोकसभा सदस्य रकीबुल हुसैन ने सोमवार को कहा कि उन पर अपराधी तत्वों ने हमला किया है, लेकिन असम सरकार उन्हें सुरक्षा नहीं दे रही है और ना ही हमलावरों को पकड़ पा रही है।

बोरा तथा हुसैन ने रविवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप लगाते हुए कहा कि वह राज्य सरकार से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। बोरा ने कहा कि असम के हालात आप बहुत खराब हो गए हैं। कुछ दिनों पहले मेरे ऊपर हमला हुआ था, लेकिन अब तक कोई पकड़ा नहीं गया है। अब दो दिन पहले सांसद रकीबुल हुसैन पर हमला हुआ है। असम में जंगलराज चल रहा है। क्या इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौन सहमति है। असम की जनता ये जानना चाहती है। हुसैन ने कहा कि उन पर असम के नागांव जिले के रूपोहिहाट में गुरुवार को हमला हुआ। उनके निजी सुरक्षा अधिकारी पर अज्ञात लोगों ने हमला किया है, लेकिन आज तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। प्रदेश कांग्रेस ने हमले में शामिल लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पार्टी ने हिमंत विश्व शर्मा सरकार को विफल बताया और कहा कि असम में पिछले तीन साल में 1600 सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं, पूरे देश में सबसे ज्यादा शराब की दुकानें असम में हैं, राज्य सरकार हर महीने 2,000 करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है, लेकिन मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी इन पैसों को अपनी सुविधाओं पर खर्च कर रहे हैं।

असम कांग्रेस के प्रभारी महासा. चव जितेंद्र सिंह, लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देवव्रत सैकिया, किपार्टी के लोकसभा सदस्य पक्कीबुल हुसैन तथा प्रद्युत बोरदोलाई ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया की शर्मा तथा उनके परिवार की लोग असम में हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार कर रहे हैं और राज्य की संपदा को लूट कर अपना निजी आर्थिक साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं इसलिए मोदी को इसका संज्ञान लेना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि क्या यह सवाल प्रधानमंत्री मोदी जी असम के मुख्यमंत्री विश्व शर्मा जी से पूछेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों को नहीं मिलेगा मार्च में वेतन

**लखनऊ।** यूपी के उन राज्य कर्मचारियों को फरवरी के वेतन का भुगतान मार्च में नहीं किया जाएगा जिन्होंने अपनी संपत्ति का विवरण मानव संपदा पार्टल में नहीं दिया है। यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से 28 फरवरी तक अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दे देना है। प्रदेश में जिन भी कर्मचारियों ने यह ब्योरा नहीं दिया है उनका फरवरी माह का वेतन रोक दिया जाएगा। मालूम हो कि सभी कर्मचारियों को 31 दिसम्बर 2024 को ही अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्योरा देना था। इसके बाद संपत्ति का ब्योरा देने की यह तिथि बार-बार बढ़ाई जाती रही है। जनवरी और फरवरी के पहले सप्ताह में यह तिथि दो बार बढ़ाई गई है।

### आतिशी विधायकों के साथ सीएम रेखा गुप्ता से मिलीं

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अपने विधायकों के साथ महिलाओं से किए गए 2500 रुपये महीना देने के मुद्दे पर सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके चैंबर में मिलीं। सुश्री आतिशी ने मुख्यमंत्री से मिलने के बाद पत्रकारों से कहा कि उन्होंने महिलाओं को 2500 रुपये महीने देने में हो रही देरी को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की पहली बैठक में महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा तो टूट गया, हम उम्मीद करते हैं कि आठ मार्च को महिलाओं के खाते में पहली किस्त आ जाएगी। विधानसभा सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। उसके बाद विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विधायकों के शपथ के बाद सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी गई।

### बिहार में होगी झूठ और जुमलों की बरसात: लालू

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार पहुंचने से पहले कटाक्ष करते हुए कहा कि आज राज्य में झूठ और जुमलों की बरसात होगी। यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री आज बिहार में है इसलिए आज बिहार में झूठ और जुमलो की बरसात होगी। राजद अध्यक्ष ने कहा कि चुनावी वर्ष है, इसलिए लोगों को भ्रमित करने के लिए केंद्र की देशभर की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन अब दिखावटी रूप से बिहार से होगा, लेकिन बिहार को कुछ नहीं मिलेगा, ना ये देंगे।ह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी का आज भागलपुर में कार्यक्रम होना है।

### बांग्लादेश: एयर बेस पर झड़प, फायरिंग में व्यापारी की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में काक्स बाजार स्थित एयरफोर्स बेस पर अफसरों और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। इस झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एयरफोर्स हालात संभालने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशन की डायरेक्टर आएशा सिद्दीकी ने बताया कि यह टकराव दोपहर 12 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक झड़प में कई लोग घायल भी हुए हैं।

# ममता ने की सरकारी डॉक्टरों के वेतन में बढ़ोतरी की घोषणा

**कोलकाता, वार्ता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के अस्पतालों के डाक्टरों के वेतन में बढ़ोतरी और मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 12 जूनियर डाक्टरों का निलंबन खत्म करने की घोषणा की।

सुश्री बनर्जी ने अलीपुर के धन धान्य ऑडिटोरियम में चिकित्सकों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षुओं से लेकर सीनियर तक सभी रैंक के डाक्टरों के वेतन में 10-15 हजार रुपये और उससे अधिक की बढ़ोतरी की घोषणा की। डिप्लोमा के लिए सीनियर रेजिडेंट डाक्टर का वेतन मौजूदा 65 हजार रुपये से बढ़ाकर 80 हजार रुपये, पोस्टग्रेजुएट सीनियर रेजिडेंट डाक्टर का वेतन 70 हजार रुपये से बढ़ाकर 85 हजार रुपये और सीनियर पोस्टग्रेजुएट सीनियर रेजिडेंट डाक्टर का वेतन एक लाख रुपये प्रति माह कर दिया गया। इंटर्न हाउस स्टाफ और पोस्ट-ग्रेजुएट प्रशिक्षुओं के भत्ते में 10 हजार रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी की गई। सुश्री बनर्जी ने मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 12 जूनियर डाक्टरों का निलंबन वापस लेने की भी घोषणा की, जिन्हें छह जनवरी को कथित



■ वेतन में होगी 10 से 15 हजार तक बढ़ोतरी

लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया था। जूनियर डाक्टरों की लाप. रवाही से प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई थी और चार अन्य बीमार हो गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस जांच के दौरान पाया गया कि जूनियर डाक्टरों की ओर से कथित लापरवाही के कारण यह त्रासदी हुई। सरकार ने डाक्टरों का भविष्य बचाने के लिए निलंबन वापस ले लिया है। सुश्री बनर्जी ने डाक्टरों को सरकारी अस्पतालों में आठ घंटे की ड्यूटी करने के बाद 30 किलोमीटर के दायरे में निजी प्रैक्टिस करने की अनुमति दी। चिकित्सा पेश. ेवर मानवता का चेहरा हैं और इसका थोड़ा सा प्रदर्शन करने से मरीजों को बहुत मदद मिलेगी। सरकारी विभागों के हर क्षेत्र में नियुक्तियां विभिन्न अदालती मामलों के कारण प्रभावित हुई हैं, जिनमें चिकित्सा और ओबीसी शामिल हैं।

## वेस्ट बैंक में 23 साल बाद घुसे इजरायली टैंक

# 40 हजार शरणार्थी कैंप छोड़कर भागे

**तेल अवीव, वार्ता**

इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के शहर जेनिन में इजरायली सेना ने टैंक तैनात कर दिए। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब सेना के टैंक वेस्ट बैंक में घुसे हैं। ऐसा आखिरी बार 2002 में हुआ था। जेनिन में पिछले कई सालों से इजरायल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष होते रहे हैं।

इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा कि हमने जेनिन के पास एक टैंक डिवीजन तैनात की है। एक डिवीजन में 40 से 60 टैंक होते हैं। इजरायल ने फलस्तीन के जेनिन, तुलकरम और नूर शम्स में शरणार्थी शिविरों को खाली करा लिया है। इन शिविरों में फलस्तीनी नागरिकों ने शरण ले रखी थी। इन तीनों शिविरों से 40 हजार फलस्तीनियों को निकाला गया है। इजरायल ने इन्हें 21 जनवरी से निक. ालना शुरू कर दिया था। 1967 की इजरायल-अरब जंग के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में फलस्तीनी नागरिक विस्थापित हुए हैं। यहां संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था यूएनआरडब्ल्यूए को भी काम बंद करने का निर्देश दिया गया है। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सेना को अगले कुछ साल वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए यह जरूरी है। 58 सालों से इजरायल का वेस्ट बैंक पर कब्जा वेस्ट बैंक, जार्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजरायल जंग के बाद जार्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जार्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया। 1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजरायल ने इस इलाके को जार्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इसमें ज्यादातर फलस्तीनी हैं। इजरायल ने वेस्ट बैंक पर कब्जे के बाद कई यहूदी बस्तियां भी बसाई। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक यहां बनाई गई इजरायली बस्तियां अवैध हैं। दरअसल इजरायल हमास जंग के बीच वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई है। इजरायल में वेस्ट बैंक की तरफ से होने वाले हमले भी बढ़े हैं। इजरायल में 20 फरवरी की देर रात तीन खाली खड़ी बसों में विस्फोट हुए थे।



■ पीएम नेतन्याहू बोले- फिर जंग शुरू करने के लिए तैयार
■ आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए यह जरूरी

### इजरायली पीएम के तीखे तेवर बरकरार

कई रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्ट बैंक से ही इजरायल की बसों में हमले की प्लानिंग की गई थी। इसके बाद ही नेतन्याहू ने इस इलाके पर एक्शन लेने का आदेश दिया। हालांकि इजरायल-हमास जंग के दौरान भी इजरायली सेना यहां कई आपरेशंस को अंजाम दे चुकी है। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल गाजा पट्टी में 'किसी भी समय' फिर से लड़ाई शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चाहे बातचीत से हो या फिर दूसरे तरीकों से वे जंग का मकसद पूरा करके रहेंगे। दरअसल हमास ने शनिवार को 6 इजरायली बंधकों को रिहा किया था। इसके बदले में इजरायल को 600 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## फलस्तीनी कैदियों की रिहाई रोकने का अमेरिका ने किया समर्थन

**गाजा संघर्ष विराम वार्ता मुश्किल में**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने इजरायल की ओर से 620 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी के फैसले का समर्थन किया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली सरकार ने हमास के बंधकों के साथ 'बर्बर व्यवहार' को आधार बनाते हुए यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने इसे 'उचित प्रतिक्रिया' करार दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इजरायल के हर फैसले के साथ खड़े रहने की बात कही। इस बीच हमास ने भी कहा है कि जब तक कैदियों को रिहा नहीं किया जाता, वह इजरायल से किसी भी वार्ता के लिए तैयार नहीं है। अल जजीरा के अनुसार हमास के दो वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि फलस्तीनी समूह तब तक मध्यस्थों के माध्यम से इजरायल के साथ आगे कोई चर्चा नहीं करेगा, जब तक कि वह शनिवार को रिहा होने वाले 620 फलस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं कर देता। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब गाजा संघर्ष विराम वार्ता मुश्किल में पड़ती दिख रही है, क्योंकि हमास ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह तब तक वार्ता बंद कर देगा, जब तक वादे के अनुसार फलस्तीनी कैदियों की रिहाई नहीं हो जाती। हमास की ओर से छह इजरायली बंदियों को रिहा करने के बावजूद इजरायल ने 620 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई स्थगित कर दी है।

## अर्थ व्यापार

# टैरिफ खतरे से शेयर बाजार में कोहराम

**मुंबई।**

कमजोर उपभोक्ता मांग और अमेरिका के टैरिफ खतरे से चिंतित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 856.65 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर साढ़े नौ माह के निचले स्तर और 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 74,454.41 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 05 जून 2024 को 74,382.24 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 247.05 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,548.85 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.78 प्रतिशत



कमजोर रहकर 40,057.85 अंक और स्मॉलकैप 1.31 प्रतिशत लुढ़ककर 45,254.06 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4200 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2810 में बिकवाली जबकि 1207 में लिवाली हुई, वहीं 183 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां लाल जबकि अन्य 12 हरे निशान पर बंद हुईं। बीएसई में एफएमसीजी और ऑटो समूह की 0.22 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 19 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.53, सीडी 0.71, ऊर्जा 1.11, वित्तीय सेवाएं 0.82, हेल्थकेयर 0.47, इंडस्ट्रियल्स 1.08, आईटी 2.60, दूरसंचार 2.26, यूटिलिटीज 1.42, बैंलकग 0.52, कैपिटल गुड्स 1.10, धातु 2.16, तेल एवं गैस 1.10, पावर 1.16, रियल्टी 0.91, टेक 2.56, सर्विसेज 0.60 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 2.65 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.32, जर्मनी का डैक्स 0.92 और जापान का निक्केई 0.26 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0. 58 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0. 18 प्रतिशत टूट गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 418 अंक का गोता लगाकर 74,893.45 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 74,907.04 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं, इसके बाद हुई लगातार बिकवाली से दोपहर बाद 74,387.44 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

## ऑस्ट्रेलिया ने रूस पर लगाया सबसे बड़ा प्रतिबंध पैकेज

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2022 के बाद से रूस के खिलाफ सबसे बड़ा प्रतिबंध पैकेज लगाया है, जिसमें 70 व्यक्तियों और 79 संस्थाओं को निशाना बनाया गया है। देश की सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में सरकार ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने आज 70 व्यक्तियों पर और अधिक लक्षित वित्तीय प्रतिबंध और यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं और 79 संस्थाओं पर लक्षित वित्तीय प्रतिबंध लगाए हैं। यह निर्दिष्ट किया गया है कि प्रतिबंधों का उद्देश्य अन्य बातों के अलावा, मंत्रियों, न्यायाधीशों और अभियोजकों सहित रूस के नए क्षेत्रों के प्रशासन पर है। बयान में कहा गया, प्रतिबंध रूस और उत्तर कोरिया के बीच सैन्य सहयोग को गहरा करने में शामिल व्यक्तियों और संस्थाओं को भी निशाना बनाते हैं।

# खाद्य तेलों में तेजी, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में गिरावट रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही, जबकि दालों में मिला. जुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 99 रिंगिट लुढ़ककर 4737 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.21 सेंट की गिरावट के साथ 47.13 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में तेजी रही। सूरजमुखी तेल 219 रुपये, सोया रिफाइंड 294 रुपये और पाम ऑयल 366 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये और मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई, जबकि अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मसूर दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल: 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300- 4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18462 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 15751 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16044 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड के....**

को सशक्त बनाना है। किसानों को अत्याधुनिक कृषि यंत्र, जल संरक्षण सुविधाएं और प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी उत्पादकता को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने 10 हजार किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) भी राष्ट्र को समर्पित करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर वर्ष किसानों को तीन किस्तों में 6000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी कृषि जरूरतों के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। इस योजना से न केवल छोटे और सीमांत किसानों को लाभ हो रहा है, बल्कि इससे देश की कृषि व्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, सचिव कृषि डा. एसएन पांडे, निदेशक कृषि केसी पाठक, जैविक बोर्ड के सदस्य निरंजन डोभाल, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, बीडीसी बालम सिंह, ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे

**बरेली एसपी को...**

चालक के साथ पैदल ही चल दीं। पास जाकर देखा तो कॉन्स्टेबल मनोज चालक की सीट पर बैठा था। पास खड़ा दूसरा व्यक्ति रुपये ले रहा था। इससे यकीन हो गया कि पुलिसकर्मी ट्रक चालकों से अवैध वसूली कर रहे हैं। आरोपी पुलिसकर्मियों को पकड़ने के लिए वह हमराही के साथ कार के सामने पहुंच गईं।

कार की पिछली सीट पर कॉन्स्टेबल रविंद्र और रावेंद्र बैठे थे। एसपी को देखकर वहां भगदड़ मच गई। कल्पना सक्सेना ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, तो मनोज ने कार स्टार्ट कर उनको कुचलने की कोशिश की, पर वह बच गईं। एसपी ने चलती कार में ही कॉन्स्टेबल मनोज की गर्दन पकड़ ली। कार रोकने के लिए कहा, लेकिन आरोपियों ने ऐसा नहीं किया। पीछे बैठे सिपाही रविंद्र ने कल्पना के हाथों को पकड़ लिया। उनके सिर पर वार किए और कहा कि इसको कुचलकर मार दो। आरोपियों ने उन्हें 200 मीटर तक घसीटा। कई बार कार को तिरछा चलाकर कुचलने की कोशिश की। जब नहीं कुचल पाए, तो उनको धक्का देकर भाग गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। आरोपपत्र दाखिल किया। कोर्ट में 14 गवाह और 22 साक्ष्य पेश किए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने चारों को दोषी करार दिया। सोमवार को चारों दोषियों को सजा सुनाई गई।

**उत्तराखंड सरकार...**

समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाएगा। इस सम्बन्ध में प्रत्येक जनपद द्वारा नियमित रूप से आख्या सचिव, गृह, उत्तराखंड शासन को उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा है कि प्रत्येक विभाग में संबंधित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव द्वारा एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए, जो अपने विभाग के विवाहित कार्मिकों के विवाह पंजीकरण सुनिश्चित कराएगा।

इसी तरह सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ विवाहित कर्मचारियों को निर्देशित करें कि वे अपने विवाह का यूसीसी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराएं। सभी जिलाधिकारी और विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि यह कार्य समयबद्ध रूप से पूरा हो और इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट सचिव, गृह, उत्तराखंड शासन को भेजी जाएगी। यूसीसी पोर्टल पर निर्बाध पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए निदेशक, आईटीडीए उत्तराखंड को सभी जनपदों और विभागों को आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। यदि किसी जनपद या विभाग को तकनीकी सहयोग की आवश्यकता हो, तो वे निदेशक, आईटीडीए से तत्काल समन्वय स्थापित करेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेगा खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

## संक्षिप्त समाचार

### छत से गिरकर महिला गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सुखाने के लिए कपड़े छत पर डालने गई महिला टीन टूटने के कारण नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार दिलाया। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पीठखेड़ा निवासी जयकरन की पत्नी सुनीता गुरूवार सुबह सुखाने के लिए कपड़े डालने छत पर गई थी। बताया जा रहा है कि मकान के ऊपरी कुछ हिस्से में टीन पड़ा हुआ है स सुनीता उन्हीं पर खड़ी होकर रस्सी पर कपड़े डाल रही थी। उसका ध्यान टूटी टीन पर नही पड़ा तथा व कपड़े डालने में व्यस्त हो गयी। इसी दौरान कमजोर टीन अचानक टूट गई और सुनीता छत से नीचे गिरकर घायल हो गई स हादसे में गंभीर घायल होने पर परिजनों में चीख–पुकार मच गई। कुछही देर में मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। आनन फानन में घायल सुनीता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बीच हालात अब सामान्य बताई जा रही है।

### ग्रामीणों ने रुकवाया नहर खुदाई का कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शासन के निर्देश पर नहर की खुदाई का कार्य चल रहा था जिसका कुछ ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया और कार्य रुकवा दिया गया। ठेकेदार द्वारा सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई। तहसील क्षेत्र के गांव कुड़ी वीरान में शासन द्वारा नहर का कार्य करवाया जा रहा है। शासन के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा लगभग 3 वर्ष पूर्व किसानों से भूमि का बैनामा भी करवा लिया गया था। बृहस्पतिवार को ठेकेदार द्वारा नहर की खुदाई का कार्य शुरू किया गया तो कुछ किसानों द्वारा इसका विरोध किया गया। किसानों का कहना था कि उनके खेत में गेहूं की फसल खड़ी है। इसलिए उन्हें समय दिया जाना चाहिये। ठेकेदार द्वारा इसकी सूचना सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

# फाल्गुनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## तिगरी एवं ब्रजघाट में उमड़े श्रद्धालु, हर-हर गंगे के उद्घोष से गूंजे तट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** फाल्गुन अमावस्या के अवसर पर तीर्थ नगरी ब्रजघाट व तिगरी में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। फाल्गुनी अमावस्या के अवसर पर तीर्थ नगरी ब्रजघाट में श्रद्धालुओं का पहुंचना बुधवार की सायं से ही शुरू हो गया था। जो अमावस्या के दिन देर सायं तक चलता रहा। गुरूवार की तड़के ब्रहम मुहुर्त के साथ श्रद्धालुओं ने गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्म शान्ति के लिये हवन यज्ञ कराया तथा पिण्ड दान किया। श्रद्धालुओं ने तीर्थ नगरी स्थित वेदांत मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, अमृत परिसर मंदिर आदि अपने अपने ईष्ट देवी देवताओं के मंदिरों में जाकर दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। तिगरी स्थित गंगा तट पर भी श्रद्धालुओं ने फाल्गुनी अमावस्या पर गंगा स्नान किया। फाल्गुनी अमावस्या का महत्व शास्त्रों में बहुत ही महत्तवपूर्ण बताया गया है। माना जाता है कि फाल्गुनी अमावस्या पर देवताओं का निवास गंगा तट पर होता है। इसीलिए इस दिन गंगा स्नान

**स्नान के बाद निर्धनों को दिया दान**



गजरौला। फाल्गुन अमावस्या पर ब्रजघाट स्थित गंगा में स्नान करते श्रद्धालु।

शुभ माना जाता है और पितरों को भी शांति मिलती है, उधर गजरौला में अमावस्या स्नान को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने से हाइवे स्थित ब्रजघाट गंगा पुल पर भी यातायात का दबाब झेलना पड़ा।

फाल्गुन अमावस्या के अवसर पर ब्लॉक क्षेत्र के गांव तिगरीधाम में गंगा स्नान करके पुण्य लाभ कमाया। यहां पर ग्रामीण आंचलिक क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा देखने को मिली। दोनों ही स्थानों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

# तेंदुए को देख उल्टे पैर भागे ग्रामीण

## जिले में तेंदुए की दहशत बरकरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले में तेंदुए की दहशत लगातार बनी हुई है। अब हसनपुर-अतरासी रोड पर तेंदुआ दिखाई देने से क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई। सड़क पार करते तेंदुए को देखकर राहगीर उल्टे पांव भाग निकले। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उसी स्थान पर पहुंचे जहां तेंदुआ देखा गया था। लेकिन, वह गायब हो गया। तेंदुए के दिखाई देने के बाद से लोगों में दहशत बनी हुई है। वन विभाग के अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गई है। दोबारा तेंदुआ दिखाई देने पर जिम्मेदार पिंजरा लगाने की बात कह रहे हैं।

अतरासी गांव के रहने वाले याकूब और मुजम्मिल बुधवार की रात बाइक पर सवार होकर हसनपुर की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह अतरासी से एक किलोमीटर दूर मैरिज हॉल के सामने पहुंचे, तभी उन्होंने रास्ता पार कर रहे तेंदुए को दिखा। मोटरसाइकिल की लाइट की रोशनी पड़ते ही तेंदुआ सड़क पर रुक गया। तेंदुए को देखकर याकूब और मुजम्मिल के होश उड़ गए। दोनों ही अपनी बाइक वापस कर वाह से भाग निकले। इस दौरान हसनपुर और अतरासी की तरफ से आने वाले राहगीरों ने अपने वाहन रोक लिए। मुजम्मिल और यूसुफ ने सड़क पर तेंदुआ होने की बात गांव के लोगों को बताई। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग लाठी डंडे लेकर उसी स्थान पर पहुंचे, जहां तेंदुआ देखा गया था। लेकिन, ग्रामीणों पर पहुंचने से पहले तेंदुआ वहां से भाग निकला। ग्रामीणों ने तेंदुआओ को काफी तलाश किया, लेकिन नहीं मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। डीएफओ एसपी सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों से सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। जरूरत पड़ने पर पिंजरा लगाया जाएगा।

# हाइवे किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक

## युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया।

हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र में नीलीखेड़ी पुल पर हुआ। क्षेत्र के गांव कपासी निवासी आलोक मुरादाबाद की एक फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता है, गुरुवार को वह बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद दिशा से जोया की तरफ आ रहा था। वहीं, कुछ मजदूर पुल के सफाई कार्य में जुटे हुए थे, उनकी ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खड़ी थी। अनियंत्रित हुई बाइक की ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ंत हो गई। हादसे में आलोक गंभीर घायल हो गए, मौके पर जमा राहगीरों ने उसे जोया सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद परिजन आलोक को मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया।

# दो कुन्तल से अधिक का पनीर स्लैब बनाकर गिनीज बुक में दर्ज हुआ आनन्दा का नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारत की प्रतिष्ठित डेयरी ब्रांड आनंदा ने अपने उत्कृष्टता और नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स में अपना नाम दर्ज करा लिया है। आनंदा ने 205.4 किलो का दुनिया का सबसे बड़ा पनीर स्लैब बनाकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह रिकॉर्ड न केवल आकार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह गुणवत्ता, स्वच्छता और शुद्धता के उच्चतम मानकों पर भी खरा उतरा है। 100% शुद्ध दूध से तैयार इस पनीर स्लैब को कड़े स्वच्छता मानकों के साथ बनाया गया, जो आनंदा की गुणवत्ता और उपभोक्ता प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर आनंदा डेयरी के चेयरमैन और फाउंडर डॉ.राधे श्याम दीक्षित ने कहा कि, हम हमेशा डेयरी उत्कृष्टता की सीमाओं को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। यह उपलब्धि केवल एक रिकॉर्ड बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि यह आनंदा की शुद्धता और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव भी है, जिसे हम पूरे विश्व के साथ साझा करना

**कंपनी प्रबंधन व कर्मियों में उल्लास का माहौल**



चाहते हैं। आनंदा ने इस पनीर स्लैब को एनजीओ और सामदायिक रसोई में वितरित कर इस ऐतिहासिक उपलब्धि को एक मिशन में बदल दिया। यह मात्र आंकड़ा ही नहीं, बल्कि समाज की सेवा करने और जरूरतमंदो तक पोषण पहुंचाने का प्रतीक भी है।

# पानी के धोखे में किसान की बेटी ने पिया कीटनाशक

## गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** किसान की बेटी ने पानी के धोखे में घर में रखा कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ते ही मचे हड़कंप के बीच परिजनों ने आनन–फानन में जोया सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां पर रहने वाले एक किसान ने दो दिन पूर्व फसल पर छिड़कने के लिए कीटनाशक खरीदा था, बारिश के आसार बनने पर किसान ने फिलहाल कीटनाशक को घर में ही रख दिया था। बताया जा रहा है कि गुरुवार को किसान की बेटी ने पानी के धोखे में कीटनाशक पी लिया। जिसके पीते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। उल्टियां आने पर परिजनों के बीच हड़कंप मच गया। आनन–फानन में एंबुलेंस बुलाकर उसे जोया सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के बीच किसान की बेटी की हालत अभी भी गंभीर बनी है।

# अयोध्या हमारी, अब मथुरा की बारी

## संभल के हरिहर मन्दिर का शास्त्रों में वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** काशी से लेकर के मथुरा तक हिंदुओं ने जो खोया है, उसको वापस दिलाने के लिए बजरंग दल काम कर रहा हैं। संभल में हरिहर मंदिर है शास्त्रों में भी इसका वर्णन है इसको हम लेकर रहेंगे। राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने संगठन का प्लान साझा करते हुए कहा कि बजरंज दल हिंदुओं के सम्मान को वापस दिलाने के लिए कार्य कर रहा हैं।

बुधवार को बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दनोरिया ने गांव दिसोरा में संगठन के प्रांत प्रांत गोरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत के दादा के निधन के बाद गांव पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने धर्मांतरण, लव जिहाद, गोहत्या, गो तस्कारी जैसे



ज्वलंत मुद्दों पर बेवाकी से अपनी राय जाहिर की। कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ बजरंगदल चट्टान बनकर खड़ा है। दौनेरिया ने कहा कि हिंदुत्व राष्ट्रीयता का पर्याय है और हिंदू समाज ही निर्विवाद तौर पर भारत की मुख्यधारा है. हिंदू हित राष्ट्रीय हित है. इसलिए हिंदुत्व और हिंदू हितों के सम्मान की हर कीमत पर रक्षा करनी चाहिए। दल दुनिया भर के हिंदुओं को एकजुट करने पर काम कर रहा है। अब बजरंज 10 हजार हिन्दू युवाओं को प्रशिक्षण देगा जिसमें युवाओं को नशे में से दूर रहने व शौर्य का भाव उत्पन्न करने के लिए जागरूक किया जाएगा। युवा अपने धर्म की रक्षा करें मठ मंदिरों की रक्षा करें लव जिहाद लैंड जिहाद और गैंग जिहाद बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। संभल में हरिहर मंदिर है शास्त्रों में भी इसका वर्णन है इसको हम लेकर रहेंगे। अयोध्या मथुरा और काशी विश्व हिंदू परिषद के एजेंडे में शामिल है। अयोध्या हमारी हो गई अब मथुरा और काशी की बारी है। जितने मंदिर मस्जिद तोड़कर बनाए गए हैं उन सभी धर्म स्थलों को एक-एक करके लेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया, प्रांत संयोजक गौरव भटनागर, जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, कुशल चौधरी, विपिन, अखिलेश भाटी, रकम सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिलेंडर लीक होने से लगी घर में आग

## खाना बना रहा युवक झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** खाना बनाते समय गैस सिलेंडर लीकेज होने के कारण लगी आग की चपेट में आकर युवक बुरी तरह से झुलस गया। सरकारी अस्पताल में झुलसे हुए युवक को भर्ती कराया गया।

तहसील के गांव दौलतपुर नहरी में बीती रात छत्रपाल सिंह का पुत्र सोनू गैस सिलेंडर पर खाना बना रहा था। इसी दौरान सिलेंडर से गैस लीक होने लगी। अचानक आग भड़क गई और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों की चपेट में आने से सोनू गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गये। उन्होंने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से सोनू को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने सोनू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, सोनू की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# मुसलमानों के लिए खास है रमजान का महीना




## रोजे के साथ नमाज की करें पाबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुफ्ती जाहिद ने फरमाया कि रमजान इस्लाम का सबसे मुकद्दस महीना तस्लीम है। यह महीना इबादत, सब्र, दुआ और रहमतों से लबरेज होता है।

गुरूवार को मुस्लिम कमेटी की ओर से इस्तकबाल रमजान कार्यक्रम मुनाकिद किया गया। मुफ्ती मौहम्मद जाहिद ने माहे रमजान की फजीलत बयान करते कहा कि रमजान इस्लाम का सबसे मुकद्दस महीना तस्लीम है। यह महीना इबादत, सब्र, दुआ और रहमतों से लबरेज होता है। इस दौरान रोजेदार सहरी से लेकर इफ्तार तक रोजा रखते हैं और मालिक की इबादत में मशगूल रहते हैं। मजहबे इस्लाम में रमजान का महीना हर मुसलमान के लिए खास है। रमजान में रोजा रखना, रोजेदार की कदर करना, रोजेदार का एहतिराम करना भी अल्लाह ने इबादत बताया है। आखिर में ने मुल्क व मिल्लत की सलामती व अमन व अमान की दुआ की। इस अवसर पर मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर, मंसूर अहमद एडवोकेट, मौलाना जाकिर, महबूब हुसैन जैदी, असलम उस्मानी, उवैस रिजवी, अब्दुल कय्यूम राईनी, अली इमाम रिजवी, मौहम्मद हुसैन एडवोकेट, आदिल अब्बासी, हाजी मुजफ्फर अली अंसारी, फहीम शाहनवाज, इकराम जैदी, फैज आलम राईनी, मौलाना साद आदि मौजूद रहे।



# सक्सैस के फाइव एस से हम जीत कसते हैं सारी दुनिया

## श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में हुआ पूर्व आईएएस केजी अल्फांसो का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्व. विद्यालय में भारत सरकार के पूर्व पर्यटन मंत्री टाइम्स मैगजीन में विश्व की सौ प्रभावशाली लोगों में शुमार विख्यात पूर्व आईएएस एवं "दा विनिंग फार्मूला" प्रेरक पुस्तक के लेखक "केजी अल्फांसो" का विश्वविद्यालय में आयोजित "संघर्ष से सफलता की ओर" विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में सक्सेस के "फाइव एस" (सेल्फ एटीट्यूड, सेल्फ आइडेंटिटी, सेल्फ कॉन्फिडेंस,

### राष्ट्रीय सेमिनार के माध्यम से दिए जीत के मंत्र

सेल्फ यूनीकनेस एवं सेल्फ कमिटमेंट) के दम पर आप सारी दुनिया जीत सकते हैं। संस्थापक अध्यक्ष वेंकटेश्वरा समूह डॉ.सुधीर गिरी ने कहा कि केजी अल्फांसो जैसे साहसी, दूरदर्शी राजनयिक एवं राजनीतिक व्यक्ति विरले ही होते हैं, जिन्होंने दिल्ली विकास प्राधिकरण का कमिश्नर रहते हुए तमाम पॉलिटिकल दबावों को दरकिनार कर दिल्ली के 14000 से अधिक अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का काम किया, इसलिए पूरा देश उन्हें "मैन ऑफ डिमोलिश" के नाम से जानता है। प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहा कि, आज देश के इतने बड़े प्रेरक व्यक्तित्व को सम्मानित करते हुए विश्वविद्यालय स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। समारोह को कुलपति प्रो.(डॉ) कृष्णकांत दवे, कुलसचिव प्रो.पीयूष पांडे, डॉ. राजेश सिंह, डीन मेडिकल डॉ. संजीव भट्ट, डॉ.टीपी सिंह, डॉ. सीपी सिंह, डॉ.आशुतोष गौतम, डॉ. नीतू सिंह, डॉ.एना ब्राउन, डॉ. योगेश्वर सिंह, डॉ.स्नेहलता गोस्वामी, डॉ.श्रीराम गुप्ता, डॉ. प्रताप सिंह, विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।


गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में पूर्व आईएएस केजी अल्फांसो का स्वागत करते संस्थापक अध्यक्ष व प्रतिकुलाधिपति।

# हर जानदार को चखना मौत का ज़ायखा

## मरने से पहले करें आखिरत की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**सैदनगली।** मौलाना गजंफर छौलसी ने कहा कि हर जानदार को मौत का जायखा चखना है।कोई भी इंसान मौत से इंकार नहीं कर सकता।

नगर के मोहल्ला सादात स्थित इमामबारगाहे बाबुल हवाईज में मरहूम सैयद कर्रार हुसैन बाकरी की मजलिस ए बरसी का आयोजन किया गया। जिसमें मर्सिया ख्वानी जीशान हैदर बाकरी व उनके हमनवाओं ने की तथा पैशखानी अली मेहंदी सहारनपुरी ने की। मजलिस को मौलाना गजंफर अब्बास छौलसी ने खिताब करते हुए कहा कि हर जानदार को मौत का जाएका चखना है। कोई भी इंसान मौत से इनकार नहीं कर सकता, चाहे कोई अमीर हो या गरीब, बादशाह हो या फकीर हर जानदार को मौत का जाएगा चखना है। मौत एक ऐसी सच्चाई है कि इंसान किसी भी धर्म, जाति, देश, क्षेत्र का रहने वाला हो, अल्लाह को मानता हो या न मानता हो, लेकिन मौत से इनकार नहीं कर सकता। मजलिस में मौलाना सरकार मेहंदी, नूरुल हसन, जावेद कैसर, बंदे हसन, शानै असगर, मोहम्मद असगर, जामिन बाकरी, शफीउल हसन, मेहदी हसन, मोहम्मद जमा, मुजम्मिल हुसैन, सादिक हैदर मौजूद रहे।

# जेएस के 11 छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

## प्राचार्य ने दी सभी को शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज के 11 छात्र-छात्राओं ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रौशन किया। प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने सभी को बधाई दे उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कालेज के गौरव गौतम ने समाजशास्त्र नेट/जेआरएफ, आंचल चौहान ने नेट समाजशास्त्र, जुल्फेकार ने जेआरएफ कार्मस विषय से उत्तीर्ण किया। जबकि इतिहास विषय में अनिरूद्ध एवं रविकांत, हिन्दी में निशा ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। रजिया व मीनाक्षी ने भूगोल, प्रयांश सिंह ने राजनीति विज्ञान, इफरा खानम व ऐश्वर्या ने अंग्रेजी विषय में नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रौशन किया है। कालेज प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने सभी छात्रों को बधाई देते कहा कि वह आगे चलकर कालेज व जिले का नाम रौशन करेंगे। उन्होने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आमदनी के हिसाब से बनाएं घर का बजट, बचत भी जरूर करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी' थीम पर मनाए जा रहे वित्तीय जागरूकता सप्ताह के तहत

### असगरीपुर में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

क्रिसिल फाउन्डेशन के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता केन्द्र अमरोहा द्वारा ग्राम असगरीपुर वित्तीय साक्षरता कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक से एलडीओ सतवीर सिंह, क्रिसिल फाउंडेशन से एसिस्टेंट एरिया मैनेजर मोहम्मद याकूब और प्रथमा बैंक से एफएलसी राजेन्द्र सिंह ने कहा कि वित्तीय साक्षरता से ही पैसों का सही प्रबन्धन सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक गरीब व मध्यम परिवार का व्यक्ति पूरी जिन्दगी पैसे के लिए कार्य करता है, जबकि अमीरों के लिए उनका पैसा कार्य करता है। यदि हमे गरीबी से अमीरी की ओर जाना है, तो हैं वित्तीय नियोजन सीखना होगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय नियोजन के लिए सबसे पहले जरूरी है कि हम अपने घर का बजट बनाये और बजट इस तरह से बनना चाहिए कि जितनी आमदनी हो, उसका दस प्रतिशत निश्चित रूप से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बचत के साथ ही उसका निवेश भी किया जाना जरूरी है। इस अवसर पर अनीता, तेजेन्द्र, प्रधान भूरा, पूर्व प्रधान रुबेश, बीसी अबरार अहमद आदि मौजूद रहे।



# चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई




## रामसरन सुशील आनन्द स्कूल में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** भारत मां के वीर सपूत महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर नगर स्थित एक विद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

गुरुवार को नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करना था। क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा एडवोकेट ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता में जब भी महान नायकों की चर्चा होती है तो उसमें चंद्रशेखर आजाद का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए न्योछावर कर दिया था। हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, राजीव शर्मा,अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, सीमा वर्मा, मजंरी दीक्षित एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ढाई तोले की सोने की चैन लेकर बदमाश फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** एक बदमाश ने सर्राफ के पिता को झांसा देकर ढ़ाई लाख रूपये की कीमत की सोने की चैन साफ कर दी। घटना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कारवाई शुरू कर दी है। जानकारी केअनुसार नगर के मोहल्ला संतनगर निवासी ज्वेलर्स अमित उर्फ भोला के पिता सुरेश चंद शर्मा गुरुवार की सुबह अपने घर से मंदिर जा रहे थे। जैसे ही वह शहर के बस्ती चौराहे पर पहुंचे तो वहां स्थित एक मिठाई की दुकान से उन्होंने मिठाई खरीदी। इसी बीच एक बाइक सवार युवक ने उन्हें अपने झांसे में लेकर उनसे गले की चेन देखकर कहा कि बाबा उसे भी ऐसी ही चैन लेनी

### बदमाश ने शातिर ढंग से सर्राफ के पिता को झांसे में लिया

है, एक बार चैन निकालकर दिखा दो। कहा कि उसकी मां अंदर मंदिर में है, उसे वह चैन दिखानी है। यह कहकर उसने बाइक बढ़ाई और एकदम से तेजी से बाइक चलाता हुआ वहां से फुर्र हो गया। सुरेश चंद ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाश के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कारवाई शुरू कर दी है।

**घटना सीसीटीवी में हुई कैद** सर्राफ के पिता के साथ हुई यह घटना पास में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई है। मात्र तीन मिनट के अंदर ही बदमाश द्वारा बहुत ही शातिर अंदाज में घटना को अंजाम दिया गया है। घटना में कोई स्पोर्ट्स बाइक प्रयुक्त की गई है जिसपर नंबर प्लेट भी नहीं थी। पुलिस बदमाश की तलाश में जुटी है।

# विजय की जयंती पर काव्य पाठ

**मंडी धनौरा।** देश के महान क्रांतिकारी लेखक एवं पत्रकार विजय सिंह पथिक जयंती भर विश्व हिंदी मंच द्वारा काव्य पाठ कर उनके योगदान का स्मरण किया गया। प्रसिद्ध गीतकार सतेंद्र धारीवाल ने कहा कि वह पथिक था अपनी हठ का,कोई नहीं था उसके कद का। विश्व हिंदी मंच के अध्यक्ष डॉ यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि विजय सिंह पथिक सामंतवादी व सामंतवादी व्यवस्था के प्रखर विरोधी उन्होंने संपूर्ण विप्लव क्रांति का शंखनाद किया। इस अवसर पर प्रशांत त्रिवेदी, महेश भडाना, मोहित नागर, डा गौड़, राजीव अग्रवाल, अक्षय त्यागी, विनोद गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में पांच सौ मरीजों की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगावां सादात।** मेडिकल कैम्प में 500 मरीजों का परीक्षण कर दवाई का वितरण किया गया। अल हबीब क्लीनिक एवं दवाखाना तथा न्यू ब्राइट हॉस्पिटल की तरफ से मौलाना सैयद नईम अब्बासी आब्दी की याद में मेडिकल कैम्प का आयोजन जहरा मस्जिद में किया गया। जिसमें सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगी रही। कैम्प में 500 मरीजों की जांच कर दवाई का वितरण किया गया। डा. आफ्शा जैदी, डा. मोबिन असगर, डा. गयूर हसन, डा. मरगूब हसन ने मरीजों की जांच की। इस मौक`पर मौ. हारिस, मौ. फैसल, मनतंशा, नीतू चौहान मौजूद रहे।

# जाम लगने से लगीं वाहनों की कतारे

**हसनपुर।** सड़क की निर्माण कार्य के दौरान लगे भीषण जाम के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा है। स्कूलों के वहां भी जाम में फंसे रहे। नगर के अतरासी मार्ग पर सड़क नीची होने के कारण उसे ऊंचा करके सीसी सड़क के रूप में बनाया जा रहा है। गुरुवार को सड़क निर्माण कार्य के दौरान गजरौला संभल बाईपास मार्ग पर अतरासी चौराहे पर जाम लग गया। जिससे वाहनों की सड़क के दोनों और लंबी-लंबी लाइन लग गई। जाम लंबा होने के कारण स्कूल के बच्चों से भरी बसे भी उसमें फंस गई। जाम खुलवाने को वहां तैनात पुलिस कर्मियों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** गुरुवार को ब्लॉक सभागार में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची एसडीएम चंद्रकांता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का बेहतर निर्वहन कर नौनिहालों का भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने सभी से मिलजुलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने की बात कही।

बीडीओ नरेंद्र सिंह गंगवार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर कार्य करने पर जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने कहा विद्यालय को निपुण बनाने में बाल वाटिका एवं कक्षा एक के बच्चों के साथ बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुसुमलता ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नोडल शिक्षक से तालमेल बैठाकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम चंद्रकांता, बीडीओ नरेंद्र गंगवार स्कूल, बीईओ अरुण कुमार, सीडीपीओ कुसुम लता के द्वारा रीडीनेस कार्यक्रम एवं निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत बालवाटिका एवं कक्षा एक एवं दो में निपुण बच्चों को पाठ्य सामग्री से संबंधित एक-एक किट देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, नोडल शिक्षक, नोडल शिक्षक संकुल, अभिभावक गण, एआरपी पवन कुमार, राजकुमार कुलवंत सिंह, वीरेंद्र सिंह, दयानंद, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन भाग्यवती आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर तगा**
**विकासखण्ड मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा**

**निविदा सूचना**
पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में आरजीएसए योजना के अंतर्गत पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु सामग्री।क्रय की जायगी। जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, पेंट सामग्री की आपूर्ति के लिए सील. बंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 1 मार्च 2024 से 6 मार्च 2024 तक जमा की जाएंगी। निविदाएं खोलने की तिथि 7 मार्च 24 समय शाय 3 बजे रहेगा। इच्छुक फर्म आवेदन कर सकती हैं।
नियम व शर्ते स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत में लिखित आदेश पर की जाएगी, जो की ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत(प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जाएगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती हैं। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जाएगा। आपूर्ति करता का जीएसटी पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है प्रस्तुत करें पीडब्ल्यूडी की दरों की अनुरूप पीडब्ल्यूडी के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की गुणवत्ता का निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा

**ग्राम प्रधान** — **ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत रामपुर तगा** — **ग्राम पंचायत रामपुर तगा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत विशावली मुस्तकम**
**विकासखण्ड मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा**

**निविदा सूचना**
पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में आरजीएसए योजना के अंतर्गत पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु सामग्री।क्रय की जायगी। जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, पेंट सामग्री की आपूर्ति के लिए सील. बंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 1 मार्च 2024 से 6 मार्च 2024 तक जमा की जाएंगी। निविदाएं खोलने की तिथि 7 मार्च 24 समय शाय 3 बजे रहेगा। इच्छुक फर्म आवेदन कर सकती हैं।
नियम व शर्ते स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत में लिखित आदेश पर की जाएगी, जो की ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत(प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जाएगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती हैं। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जाएगा। आपूर्ति करता का जीएसटी पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है प्रस्तुत करें पीडब्ल्यूडी की दरों की अनुरूप पीडब्ल्यूडी के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की गुणवत्ता का निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा

**ग्राम प्रधान** — **ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत विशावली मुस्तकम** — **ग्राम पंचायत विशावली मुस्तकम**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुनगढ़ माफी**
**विकासखण्ड मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा**

**निविदा सूचना**
पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में आरजीएसए योजना के अंतर्गत पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु सामग्री।क्रय की जायगी। जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, पेंट सामग्री की आपूर्ति के लिए सील. बंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 1 मार्च 2024 से 6 मार्च 2024 तक जमा की जाएंगी। निविदाएं खोलने की तिथि 7 मार्च 24 समय शाय 3 बजे रहेगा। इच्छुक फर्म आवेदन कर सकती हैं।
नियम व शर्ते स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत में लिखित आदेश पर की जाएगी, जो की ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत(प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जाएगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती हैं। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जाएगा। आपूर्ति करता का जीएसटी पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है प्रस्तुत करें पीडब्ल्यूडी की दरों की अनुरूप पीडब्ल्यूडी के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की गुणवत्ता का निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान** — **ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत सुनगढ़ माफी** — **ग्राम पंचायत सुनगढ़ माफी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत फौलादपुर**
**विकासखण्ड मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा**

**निविदा सूचना**
पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में आरजीएसए योजना के अंतर्गत पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु सामग्री।क्रय की जायगी। जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, पेंट सामग्री की आपूर्ति के लिए सील. बंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 1 मार्च 2024 से 6 मार्च 2024 तक जमा की जाएंगी। निविदाएं खोलने की तिथि 7 मार्च 24 समय शाय 3 बजे रहेगा। इच्छुक फर्म आवेदन कर सकती हैं।
नियम व शर्ते स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत में लिखित आदेश पर की जाएगी, जो की ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत(प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जाएगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती हैं। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जाएगा। आपूर्ति करता का जीएसटी पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है प्रस्तुत करें पीडब्ल्यूडी की दरों की अनुरूप पीडब्ल्यूडी के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की गुणवत्ता का निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान** — **ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत फौलादपुर** — **ग्राम पंचायत फौलादपुर**

# साइकिल पर सवार हो गए गलत लोगों को इस बार उतारा जाएगा: धर्मेंद्र यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर /बिसौली।** विधानसभा में आसफपुर में एक शीतगृह के उदघाटन करने आये सपा नेता एवं आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव ने उदघाटन के बाद किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली बार राष्ट्रीय नेतृत्व ने कुछ गलत लोगों को साइकिल पर बैठा दिया था उन्हें भी जनता अखिलेश यादव के कारण चुनाव जिता दिया, लेकिन इस बार बहुत परख कर टिकटों का वितरण किया जाएगा और किसी भी गलत आदमी को साइकिल पर नहीं बैठाया जाएगा। इस भाजपा सरकार में क्षेत्र की जनता का विकास पूरी तरह बाधित है, रोजगार के कोई अवसर नहीं मिल रहे हैं। पूरा प्रदेश परेशान है और जनता त्राहि त्राहि कर रही है। 2027 में जनता भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकेगी और एक बार फिर अखिलेश यादव प्रदेश में मुख्यमंत्री बनकर रुकी हुई विकास की गाड़ी को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आबिद रजा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह यादव, कैप्टन अर्जुन, पूर्व विधायक हाजी बिट्टन, काजी रिजवान, सुनील यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख खजाना देवी सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संच. ालन एडवोकेट सुरेंद्र सिंह ने किया। इस किसान सम्मेलन कार्यक्रम में आसफपुर क्षेत्र के उन्नत किसान विनोद कुमार पुत्र भीमसेन, सुमित मिश्रा पुत्र ओमवीर निवासीगण मौजमपुर व ग्राम गुलड़िया निवासी शिवा यादव पुत्र मुकेश को मुख्य अथिति माननीय सांसद धर्मेंद्र यादव, नवीन शीतगृह स्वामी चौधरी गजराज सिंह यादव व उनके बेटे राहुल यादव श्श भीष्म काष ने तोहफा देकर किसानों का मान बढ़ाया। इस दौरान शीत गृह स्वामी गजराज सिंह, राहुल यादव एडवोकेट, हर पाल सिंह, बृजभान सिंह, राजवीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, संजीव यादव, मोहित, गोलू, शिवम्, वैभव सहित समूचा परिवार मौजूद रहा। इसके अलावा नवीन शीत गृह स्वामी गजराज सिंह के कुनबे व ग्राम वासियों, क्षेत्र वासियों सहित उनके चाहते पूर्व पुलिस सब इंस्पेक्टर उदय पाल सिंह, डॉक्टर आस मोहम्मद, देवेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## आवारा पशुओं व बंदरों से खेतों की सुरक्षा के लिए किसानों का पैदल मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिसौली।** आवारा पशुओं एवं बंदरो से खेतों की सुरक्षा के लिए आसफपुर से पैदल चलकर बिसौली पहुंचे किसानों ने 10 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। तहसील परिसर में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव ने कहा कि रात रात भर जाकर किसान अपने खेतों की रखवाली करते हैं तथा दिन में बंदरों से अपनी फसल की रखवाली करते हैं अगर किसान किसी कारण बस रात में ना पहुंच पाए तो फसल बर्बाद हो जाती है।



इसी प्रकार से बंदरों के हमले से भी बच्चे बुजुर्ग माताएं बहने बाहर खाना नहीं बन सकती आय दिन बंदरों के हमले से घायलों के वैक्सीन सरक. ारी तथा प्राइवेट अस्पतालों पर लगवानी पड़ती है। जनता त्रस्त है। कहा कि उपरोक्त समस्या का निदान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है यदि ऐसा नहीं होता है तो एक सप्ताह के बाद हम समस्त ग्रामीण जन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता से अनिल कुमार पाठक जी ने की। धरना प्रदर्शन में जय सिंह मौर्य, मुकेश मौर्य, धीरेश कुमार शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, सतपाल मौर्य ,टिंकू मौर्य, ललित कुमार मौर्य गुड्डू मौर्य, लेखराज मौर्य, लालता प्रसाद ,फूल माली, भूप नरेश पाली कृष्णपाल पाली, महेंद्र पाल मौर्य ,पप्पू मौर्य, तोताराम मौर्य, राजू मौर्य, नन्हे मौर्य, रोहित मौर्य, श्रीकांत मौर्य, मुकेश मौर्य कमल मौर्य आदि मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल छोड़ने के नाम पर लिए रुपये सिपाही से फटकार के बाद लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं /सिलहरी।** कुंवर गांव थाना क्षेत्र के गांव बल्लियां और बाबट के हल्का पर तैनात एक सिपाही का अजीबोगरीब मामला सामने आया है जहां उसने मोटरसाइकिल छोड़ने के नाम 8000 की मांग की सौदा चार में हुआ पर चार हजार रुपए लेकर पुलिस महकमे की फजीहत करा दी। थाना क्षेत्र के गांव बाबट निवासी गौरव 22 जनवरी को रात्रि लगभग दो बजे बदायूं के बदायूं मुरादाबाद हाईवे जीटी आई कॉलेज की निकट गोल्डन रिसोर्ट में एक शादी समारोह से लौटकर देर रात अपने जा रहा था जहां उसकी मोटरसाइकिल में कासिमपुर के पास पेट्रोल खत्म हो गई जिसके बाद उक्त गांव के निकट पेट्रोल पंप गौरव मोटरसाइकिल को पेट्रोल पंप पर लेकर पहुंचा जहां पेट्रोल पंप था पेट्रोल पंप कर्मियों को पेट्रोल डालने के लिए आवाज लगाई लेकिन देर रात होने के कारण कोई उठा नहीं।जिसके बाद गौरव ने मोटरसाइकिल पेट्रोल पंप पर ही खड़ी कर दी। और पैदल ही अपने गांव वावट चला गया पेट्रोल पंप खड़ी लावारिस बाइक की सूचना पेट्रोल पंप कर्मियों ने डायल 112 को दी तो थाने से कुलदीप सिपाही भी मौके पर पहुंच गया और मोटरसाइकिल कमरे के अंदर खड़ी करा दी। जिसके बाद दूसरे दिन गौरव पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल लेने पहुंचा तो वहां मौजूद पेट्रोल पंप कर्मियों ने सिपाही का नाम लिया कि उन्होंने मोटरसाइकिल देने को मना कर दिया है जिसके बाद गौरव ने सिपाही से संपर्क किया तो सिपाही ने मोटरसाइकिल छोड़ने का नाम पर आठ हजार रुपए की मांग की जिसमें 5 हजार रुपए में समझौता हो गया जहां गौरव ने अपने भाई गुलड़िया निवासी रजनीश को बुलाया जिसके बाद शाम को कुंवर गांव में लगभग आठ बजे सिपाही को चार हजार रुपए दे दिए। जिसकी शिकायत रजनीश और गौरव ने मंगलवार को थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष से की तो थाने में ही उक्त हल्का दरोगा के सामने सिपाही की जमकर फटकार लगाई और तत्काल अवैध रूप से लिए गए रुपए वापस करने के लिए कहा जिसके बाद सिपाही ने रजनीश को दो हजार रुपए लौटा दिए और वाकी रुपए अगले दिन देने को कहा।

## 3 मार्च को केवीसी उझानी में कृषि मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत मध्य पश्चिम एग्रोकलाईमेटिक मैदानी जोन का एक दिवसीय किसान मेला 3 मार्च को प्रातः 10 बजे से कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी परिसर में आयोजित होगा। बताया कि कार्यकम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री बी०एल० वर्मा होंगे। इसमें जनपद बरेली, शाहज. हाँपुर, अमरोहा, सम्भल, सीतापुर, एवं बदायूँ के प्रगतिशील व अचीवर कृषक, विभन्न विभागो के अधिकारी, बैंकर्स, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक भी भाग लेंगे।

# जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वृक्षारोपण हम सभी की जिम्मेदारी: मनोज कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**राजीव सक्सेना**

**नरैनी बदायूं।** जल सम्बर्धन संरक्षण अभियान के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने ग्राम तखोरा व कलरावाला गांव में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान के अंर्तगत श्रमदान, वृक्षरोपड किया व ग्राम वासियों को जल सरक्षंण के बारे में बताया। इस अवसर पर मुख्य अथिति ब्लाक प्रमुख ओमकिशन ने कहा वृक्षारोपण,जल संरक्षण संवर्धन के लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दिशा- निर्देशन में देशभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ग्राम स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उप-कृषि निदेशक बदायूँ मनोज कुमार ने कहा कि जल सरक्षंण वैज्ञानिक पद्धति से सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। जिससे कि घटते जल स्तर को बढ़ाया जा सके। तथा आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षित किया जा सके। भूमि सरक्षंण अधिकारी सतीश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेशभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन



के लिए जल उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ बदायूँ जनपद में हो गया हैं। इस अवसर पर वीरेश कुमार,मनोज कुमार, राजकुमार सिंह, पूरन सिंह जेई, अश्वनी शर्मा, राज कुमार ग्रुप सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर दातागंज में धूमधाम से निकली शिव बारात

**इंडियन पेट्रोल पम्प स्वामी अशोक वर्मा के नेतृत्व में भक्तों ने की शिव पार्वती की पूजा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं/यूपी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर दातागंज में निकली भव्य शिव बारात की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शिव बारात का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया भगवान् शिव बारात का दातागंज में एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जब हर वर्ष की भांति भव्य भगवान शिव की बारात गाजे बाजे के साथ आतिशबाजी चलाते हुए धूमधाम से निकाली गई जिसमें भूत, पिचास ,गंधर्व ,यक्ष,नंदी और सभी भक्तों ने आनंद लेते हुए खूब हुड़दंग किया। जिसे देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया भगवान शिव की बारात देखने के लिए पूरा नगर तो उमरा ही साथ ही आसपास के ग्रामीणों के लोग भी नजारा देखने के लिए आए हुए थे। भगवान शिव बारात में हर देवी देवता भी मौजूद रहे बारात में भगवान शिव पार्वती ब्रह्मा विष्णु और शिवगण व भूत प्रेत की झांकियां अद्भुत छठा बिखेर रही थी बारात का प्रमुख मार्ग से होते हुए बुध बाजार रोड पर स्थित बनखंडी नाथ शिव मन्दिर पर समापन हुआ। मन्दिर पर बाहर से आये कलाकारों द्वारा देर रात्रि तक शिव कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए मंदिर पर कलाकारों द्वारा भगवान शिव व माता पार्वती के वैवाहिक कार्यक्रम हुआ आयोजक सुमित वर्मा ने बताया कि महाशिव. रात्रि के दिन दातागंज के बुध बाजार बनखंडी नाथ शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। यहां भक्त जलाभिषेक करते हैं और पूजा-पाठ करते हैं। यह प्रसिद्ध मंदिर है और यहां भोलेनाथ इच्छा कामना पूरी करते हैं। शिव बारात के दौरान सड़कों पर भीड़ की वजह से जाम जैसी स्थिति न बने इसलिए कस्वा इंचार्ज हरीश कुमार, कॉस्टेवल पंकज सैनी अपने सहकर्मी अखिलेश वर्मा के साथ डटे रहे यातयात बाधित न हो इसके लिए पहले से ही कुछ दूरी का रूट कस्बा इंचार्ज हरीश कुमार द्वारा डाइवर्जन कर दिया गया था। भगवान शिव के वैवाहिक कार्यक्रम शोभायात्रा मे दातागंज चेयरमैन पति नितिन गुप्ता उर्फ अनूप भैया समाज सेवी व राष्ट्रीय कवि राकेश वर्मा सर्राफा एसोसियन के अध्यक्ष व ज्वेलर्स राजेश गुप्ता , प्रेमपाल गुप्ता शस्त्र भंडार आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत होने पर सीओ-एसआई को दी भावपूर्ण विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश चंद्र एवं कोतवाली में तैनात एसआई भूदेव सिंह के सेवानिवृत होने की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को स्थानीय कोतवाली में आयोजित एक विदाई समारोह में उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर समेत पुलिस कर्मियों ने उन्हे प्रतीक चिन्ह भेंट कर क्षेत्राधिकारी के कार्यों की प्रशं. सा की और कहा कि उन्होंने हमेशा ही अपने अधीनस्थों को मार्गदर्शन किया। आम जनता के लिए भी वह हर समय उपलब्ध रहे।

इस मौके पर पूर्व चौयरमेन ओमप्रकाश सागर, क्राइम इंस्पेक्टर वीके मौर्य, उघैती एसओ कमलेश मिश्रा, एसआई इंतजार हुसैन, अशोक कुमार, कैलाश चंद्र, शैलेंद्र कुमार सिंह, रामसेवक राठौर, इकरार अहमद, अवधेश लड्ढा, गोपाल स्वामी, बब्लू सिंह, भानुप्रताप सिंह, अभिषेक गोयल, अरमान आदि मौजूद रहे।

## **ग्रामीणों का आरोप:** नीलाम हुई भूमि पर दबंगों का जबरन कब्जा, एसडीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** बैंक द्वारा काश्तकार ने किसी अन्य भूमि पर लिया लोन भार मुक्त भूमि बैंक ने कर दी नीलाम भूमि पर दबंगों ने अपनी हटधर्मिता के चलते निर्माण करने का ग्रामीण द्वारा आरोप लगाते एसडीएम को शिकयती पत्र सौंपकर दबंगो के विरूद्ध कार्यवाही करने और निर्माण रोकने के की मांग की है। सहसवान तहसील क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी सुनील कुमार ने एसडीएम को सौंपे शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि उसके पिता ने बैंक से लोन लिया था।लोन न चुकाने की स्थिति में बैंक द्वारा जमीन की नीलामी की गई थी। लेकिन जिस भूमि पर लोन



लिया था वह जमीन की नीलामी न करते हुए बैंक द्वारा भूलवश दूसरी भूमि की नीलामी कर दी गयी। पीडित ने न्यायालय की शरण ली और एसडीएम कोर्ट में वाद दायर किया जो कि एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है। लेकिन इस सबके बावजूद भी गांव के ही दबंग व्यक्ति प्रेमपाल ने उस भूमि पर जबरदस्ती कब्जाकर निर्माण चालू करा दिया।पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर निर्माण रोके जाने और दबंग के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## ब्लॉक स्तरीय खेल कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** नेहरू युवा केंद्र बदायूं ने माय भारत एवं नेहरू युवा विकास समिति पसेई के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेल कार्यक्रम का आयोजन चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज के स्पोर्ट्स फील्ड में किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें शारीरिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिनमें कबड्डी वॉलीबॉल एथलेटिक्स कुश्ती बैडमिंटन और साइक्लिंग शामिल थे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामसरन मिश्रा थे जिन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण से युवाओं को प्रोत्साहित किया। पर्यवेक्षक संजीव कुमार श्रीवास्तव सुधीर यादव सिंपल यादव बृजेश कुमार रविन्द्र पाल सिंह ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कबड्डी वॉलीबॉल एथलेटिक्स कुश्ती बैडमिंटन और साइक्लिंग जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी में लड़कियों ने अपनी ताकत और रणनीति का प्रदर्शन किया जबकि वॉलीबॉल में लड़कों की टीमों ने अपनी कुशलता दिखाई। एथलेटिक्स में लड़के और लड़कियों दोनों ने भाग लिया। बैडमिंटन में लड़कियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और साइक्लिंग में लड़कियों ने धीमी गति की 400 मीटर दौड़ में अपनी संतुलन और धैर्य का प्रदर्शन किया कार्यक्रम के अंत में लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक संजीव कुमार श्रीवास्तव सुधीर यादव ने विजेताओं को खेल किट टी-शर्ट्स प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर रूबी सिंह राहुल यादव मनोज कुमार मुकेश सिंह ब्रजेश सिंह आदि लोगों ने अपना योगदान दिया।

## अब नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के छह केन्द्रों पर बनाए जाएंगे आधार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूँ।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 प्लस आयु के आधार पूर्व में सब पोस्ट आफिस उझानी में बनाये जाते थे। वर्तमान में अब इस व्यवस्था का विस्तार होने के फलस्वरूप 18 प्लस आयु के आधार प्रधान डाकघर, सब पोस्ट आफिस उझानी, सब पोस्ट आफिस बिल्सी, सब पोस्ट आफिस इस्लामनगर, सब पोस्ट आफिस सहसवान, सब पोस्ट आफिस दातागंज पर बनाये जायेंगे।

## हरी झण्डी दिखाकर वाटरशेड विकास यात्रा के प्रचार वाहन को किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूँ।** कृषि विभाग की भूमि संरक्षण इकाई-बदायूँ की ओर से संचालित वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के प्रचार प्रसार हेतु वाटरशेड यात्रा अभियान के तहत वाटरशेड विकास यात्रा प्रचार वाहन गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख आसफपुर ओम कृष्ण सागर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर परियोजना क्षेत्र के लिये रवाना किया। विकास खण्ड आसफपुर के माइक्रोवाटरशेड तखौरा में मुख्य अतिथि माननीय ब्लॉक प्रमुख द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रभात फेरी, भूमि पूजन, पौध रोपण, श्रमदान एवं जल संरक्षण पर स्कूली छात्रों द्वारा निबंध/पोस्टर प्रतियोगिता करायी गयी। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आसफपुर के द्वारा पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। सिद्ध बाबा इण्टर कॉलेज, सराय बरौलिया के एन0एस0एस0 छात्रों के द्वारा श्रमदान हेतु प्रतिभाग किया गया। तथा ग्राम-तखौरा में पेरीफेरल बांध एवं मार्जिनल बांध का लोकार्पण माननीय ब्लॉक प्रमुख एवं ग्राम प्रधान श्री चन्द्रगुप्त द्वारा किया गया। ग्राम कलरावाला में प्रभात फेरी, भूमि पूजन, पौध रोपण श्रमदान एवं जल संरक्षण पर स्कूली छात्र द्वारा निबंध प्रतियोगिता करायी गयी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को ग्राम प्रधान कलरावाला सलीम खाँ द्वारा पुेरस्कार, प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। ग्राम कलरावाला में नाडेप का लोकार्पण ग्राम प्रधान द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख द्वारा पौध रोपण का सन्देश भी दिया गया तथा वृक्षों को जीवित रखने का संकल्प लिया गया। वहां पर उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारीसतीश चन्द्र यादव, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक( ग्रुप-ए) राज कुमार एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि मेले में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती ( बदायूं )।** मामूली बात पर दो पक्षों में महाशिवरात्रि के मौके पर लगे मेले में मामूली विवाद पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में जमकर लात घूंसे लाठी डंडे व हॉकी चले। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे लात घूंसे हॉकी के साथ जमकर मारपीट हो रही है। जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उघैती थाना क्षेत्र के गांव खितौरा कुंदन के माजरा गोदीनगला में महा. शिवरात्रि के पर्व पर शिव मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन किया जा रहा था।

इसी दौरान किसी बात पर दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद विवाद हो गया। विवाद में पहले दोनों ओर से जमकर गाली गलौज हुई फिर उसके बाद लात घूंसे लाठी डंडे ईंट पत्थर व हॉकी चले। जिसमें दोनों पक्षों से कुछ लोग घायल हो गए। मेले में मारपीट के दौरान अफरा तफरी फैल गई। वहीं भगवान शिव को जलाभिषेक करने आए श्रद्धालु भी भयभीत नजर आए।इधर मारपीट का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों पक्षों के लोग फरार हो गए।

इस संबंध में उघैती थाना प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया दो पक्षों में विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। फिलहाल किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है।तहरीर आने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## बिसौली महाविद्यालय में रोजगार मेले में 96 अभ्यर्थियों का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** दमयंती राज आनंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में आधा दर्जन से अधिक कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इस रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों ने अपने - अपने लिए उम्मीदवारों का चयन किया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूं एवं दमयंती राज आनंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन जेल पर्यवेक्षक मनोज कुमार व प्राचार्य डॉक्टर पी.के. वार्ष्णेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पार्पण द्वारा किया गया। डा. पी. के. वार्ष्णेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा लगातार रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि रोजगार मेलों से युवा अपने करियर को एक नई दिशा दे पाएंगे। करियर एवं काउंसलिंग प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मदन मोहन वार्ष्णेय ने बताया कुल 257 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया, जिनमें से चयन समिति ने 96 अभ्यर्थियों का चयन किया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में एम.एम. वार्ष्णेय एवं सेवायोजन कार्यालय के परवेज खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेला युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान करने में सफल रहा। इस दौरान जिला सेवायोजन कार्यालय से आए परवेज खान, संजय कुमार, डा. सपना भारती, डॉ. सीमा रानी, डा. पारुल रस्तोगी, डॉ. दीपक, हरपाल, दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

## कल होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूँ।** जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह फरवरी 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि को विस्तारित करते हुए नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण की 28 फरवरी तक विस्तारित की गयी है। जिसके दृष्टिगत कार्डधारकों के राशनकार्डो एवं यूनिटों के सापेक्ष अनुमन्य खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण 28 फरवरी तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा। मोबाईल ओ0टी0पी0 व पोर्टेबिलिटी से वितरण की सुविधा कल भी उपलब्ध रहेगी।

## अंबियापुर: सम्मान समारोह में 55 निपुण बच्चे पुरस्कृत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** अंबियापुर स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर बृहस्पतिवार को हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख के पति एवं भाजपा के मंत्री डीपी भारती रहे। इस दौरान कार्यक्रम में बाल वाटिका 33 एवं परिषदीय प्रत्येक संकुल से 22 निपुण बच्चों एवं उनके अभिभावकों को निपुण प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। श्री भारती ने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। वहीं नामांकन व बच्चों की स्कूल में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभिभावकों की है। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के तहत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे अभियान से प्री-प्राइमरी की पढ़ाई को बढ़ावा मिलेगा। बीईओ गौतम प्रकाश ने कहा कि अगर हम कोई भी काम मनोयोग से करें तो सफलता अवश्य मिलती है ,उन्होंने पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने पर बल दिया। इस मौके पर एसडीएम रिपुदमन सिंह, बीडीओ सतीश कुमार सैनी, ब्लाक अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी, सुधा रानी, अनुराय, किरण सिंह, ब्रजभान सिंह, राधेश्याम, राधाबल्लभ, शैलेश प्रताप, अजीत रस्तोगी, मुकुल कुमार, हिमाशी, सितारा बी, शक्ति वार्ष्णेय, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार्यशाला में तम्बाकू से होने वाली बीमारियों से किया जागरुक

■ **मिशन ग्लोबल एकेडमी रिछा में राष्ट्रीय ओरल हेल्थ एंव राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण पर हुई कार्यशाला**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** वृहस्पतिवार को मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा (रिछा) में सीएचसी रिछा एवं आरबीएसके की टीम के द्वारा राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।ь जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ तंबाकू से होने वाले रोगों के बारे में जागरुक और सचेत करते हुए इसका सेवन न करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी रिछा के डेंटल सर्जन डॉक्टर अजीत प्रज्ञ, आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मानसी सिंह एवं विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डेंटल सर्जन डॉक्टर अजीतь प्रज्ञ ने छात्र-छात्राओं को ओरल हेल्थ के विषय में जानकारी दी, और बच्चों को ब्रश करने के सही तरीके के विषय में भी बताया, तथा डॉक्टर मानसिक सिंह ने तंबाकू से होने वाले विभिन्न बीमारियों के विषय में बताया। इस अवसर पर एक पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा शिफा नाज ने प्रथम, अनुष्का गंगवार ने द्वितीय एवं अजीफा फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा साइना नूर, साइना गौतमी एवं अशफा खान को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को तंबाकू के उपयोग न करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना ने छात्र-छात्राओं से आहवान किया कि वह स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं और तंबाकू जैसे व्यसनों से दूर रहें। विद्यालय की ओर से डॉक्टर अजीत प्रज्ञ, डॉक्टर मानसी सिंह एवं निर्मल को स्मृति चिन्ह देकर उनके द्वारा समाज के लिए की जा रही सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक जितिन सक्सेना ने सभी का आभार जताया।

इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना और प्रबंधक जितिन सक्सेना के अलावा प्रधानाचार्य बीके कश्यप, उप प्रधानाचार्य मोबिन मालिक, निर्देशक अमित देओल, शिक्षक सौरव गौर, संजय सक्सेना, आशुतोष वर्मा, विपिन सिंह, राजपाल सैनी, रामेंद्र पाठक, लता, रुचि, नेहा, गीता कश्यप, कहकंशा, सिदरा खान, राफिया, शाजिया, अबरे जहां, निशा, राकेश कुमार तथा आरबीएसके टीम की निर्मला, हेल्थ वर्कर गौरव तथा डेंटल हाइजीनिस्ट सुंदरम उपस्थित रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को क्रियाशील कर उपलब्ध कराएं फोटो: कमिश्नर

■ **कमिश्नर की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न**
■ **बैठक में दवा वितरण स्थलों पर उपलब्ध दवाओं का बोर्ड लगाने, शेड की व्यवस्था कराए जाने के दिए गए निर्देश**
■ **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में लक्ष्य के सापेक्ष शीघ्रता से प्रगति लाने के दिए गए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सर्वप्रथम आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को प्रभावी क्रियाशील किए जाने की समीक्षा की गई, और समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को क्रियाशील कराते हुए फोटो उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। निर्देश दिए गए कि टेली मेडिसिन कंसल्टेंसी का कार्य को विशेष रूप कराया जाए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में संविदा चिकित्सकों के स्वीकृत पद के सापेक्ष चयन व तैनाती एवं वास्तविक उपयोग की स्थिति को अवगत कराते हुए बताया गया कि चयनित में से कुछ ने इस्तीफा दे दिया है, जिसपर पुनः विज्ञापन निकालकर चयन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों का अनुश्रवण करते हुए निर्मित कार्यों के वास्तविक उपयोग की समीक्षा की गई, और पूर्ण भवनों को अतिशीघ्र हैंडओवर कराने तथा ईडीसी के मानक के अनुसार दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि मण्डल में 70 आयु वर्ग से व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के अन्तर्गत जनपद बरेली में 21203, बदायूं में 9805, पीलीभीत में 7021 तथा शाहजहांपुर में 13485 कार्ड बन चुके हैं। जिसपर निर्देश दिये गये कि 70 आयु वर्ग व्यक्तियों के आधार कार्ड का डेटा निकालकर उसके अनुरूप भी कार्ड बनाए जाएं। बैठक में ई-कवच के माध्यम से सीआई वीएचएसएनडी दिवसों का नियमित अनुश्रवण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि मार्च से दातागंज में प्रसव केन्द्र आरम्भ हो जायेगा, जिसपर दूरस्थ क्षेत्रों जैसे पूरनपुर आदि में प्रसव केन्द्र सक्रिय बनाये रखने के निर्देश दिए गए। नेत्र ज्योति अभियान के अन्तर्गत सर्जरी व नि शुल्क चश्मों का वितरण की भी समीक्षा की गयी। बैठक में टीबी रोगियों की समीक्षा की गई और पाया कि क्षय रोग के अन्तर्गत जनपद बरेली के अलावा अन्य जनपदों में कम क्षय रोगी चिन्हित किए गए हैं, जिसपर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। दवा वितरण स्थलों पर उपलब्ध दवाओं का बोर्ड लगाने और दवा वितरण स्थल पर शेड की व्यवस्था कराए जाने तथा चिकित्सालयों में बायो मैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में निराश्रित गौवंश संरक्षण, गौशालाओं के निर्माण, भूसा, हरा चारा की उपलब्धता आदि की समीक्षा की गयी, और सम्बंधित अधिकारियों को गौशालाओं में गौवंशों के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा की गयी, जिसपर अवगत कराया गया कि जनपद बरेली का वार्षिक लक्ष्य 3000 तथा अन्य जनपदों को एक-एक हजार का लक्ष्य निर्धारित किया है, इस प्रकार मण्डल का कुल लक्ष्य 6000 है। कमिश्नर ने सम्बंधित अधिकारियों को उक्त योजना में अति शीघ्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में छात्रवृत्ति वितरण में सुधार लाने के निर्देश दिए गए क्योंकि इसके कारण रैंकिंग प्रभावित हो रही है। बैठक में आईजीआरएस के मानकों में हुए बदलावों की जानकारी देते हुए संतुष्ट फीडबैक बढ़ाने के निर्देश दिए गए। नियमित टीकाकरण में जनपद पीलीभीत में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। कमिश्नर ने स्कूलों में लड़कियों के लिए सक्रिय टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार, जिलाधिकारी बरेली रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी शाहज. हांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी पीलीभीत संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी बदायूं निधि श्रीवास्तव, नगर आयुक्त बरेली संजीव कुमार मौर्य, समस्त मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

# महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को पुष्पा पाण्डेय, सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग लखनऊ की अध्यक्षता में विकासखण्ड बिथरी चैनपुर के सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में हरेन्द्र पटेल ब्लॉक प्रमुख बिथरी चैनपुर, मोनिका राणा जिला प्रोबेशन अधिकारी बरेली, अंजना सिरोही खण्ड विकास अधिकारी, हर्ष मोदी क्षेत्राधिकारी नवाबगंज, मनोज कुमार जिला कार्यक्रम अधिकारी, डा. अल्का शर्मा एमओआईसी, विदित कुमार नायब तहसीलदार (सदर), राधा ग्राम प्रधान परातासपुर आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल-26 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 शिकायतों का निस्तारण सदस्या द्वारा कराया गया। शेष 14 शिकायतों के निस्तारण हेतु कर्मचारी व अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि पीड़िताओं की शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त सदस्या द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उनके समक्ष जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उनका निस्तारण ससमय करना सुनिश्चित करें। पीड़िताओं द्वारा दी गयी कोई भी शिकायत किसी भी दशा में लम्बित न रहे।



# झोलाछाप ने किया पांच साल की बच्ची से रेप

**गली में खेल रही बच्ची को चीज का लालच देकर बुलाया था दुकान में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** गली में खेल रही पांच वर्षीय बच्ची को चीज का लालच देकर झोलाछाप अपनी दुकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक भूता के गांव मल्लपुर निवासी हाकिम काफी समय कस्बे एक मोहल्ले में दुकान चलाकर लोगों को दवा देता है। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे गली में खेल रही पांच वर्षीय बच्ची को उसने चीज देने का लालच देकर अपनी दुकान में बुला लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने पर उसके परिजन दुकान के अंदर पहुंचे तो उसकी हालत देखकर उनके होश उड़ गए। हाकिम ने भागने की कोशिश की लेकिन परि. जनों ने उसे दबोच लिया। मौके पर भीड़ इकट्ठी हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिना अवकाश लिए गायब सिपाही को एसएसपी ने किया बर्खास्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने किसी भी अधिकारी से बिना अवकाश लिए पिछले 410 दिन से अनुपस्थित होने व अपनी सेवाकाल में 1363 दिन गैरहाजिर रहने वाले सिपाही सचिन तोमर को बर्खास्त कर दिया। सिपाही लगातार एक के बाद एक अनुशासनहीनता कर रहा था।

सिपाही सचिन तोमर बिना उच्चाधिकारीगणों को कोई सूचना दिए पुलिस नियमों का उल्लंघन कर अनुपस्थित रहे। सिपाही इससे पूर्व में भी यह सिपाही वर्ष 2020 में ड्यूटी से बिना अवकाश की अनुमति के 180 दिन गायब रहा। साथ ही वर्ष 2022-23 में ड्यूटी से बिना अवकाश लिए 544 दिन लापता रहा। एसएसपी ने कर्तव्यों का सही निर्वहन नहीं करने, अपने कर्तव्य के प्रति अनुशासनहीनता, अकर्मण्यता, स्वेच्छाचारिता बरते जाने का द्योतक मानते हुए सिपाही सचिन तोमर को पुलिस विभाग के आरक्षी पद से बर्खास्त कर दिया।

# 43 लाख अफीम के साथ महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** झारखंड से अफीम लाकर जिले में सप्लाई करने वाली देवीपुर थाना भमोरा निवासी रिजवाना बेगम को सुभाषनगर थाना क्षेत्र से स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने गिरफ्तार किया है। महिला के पास से दो किलो नौ सौ ग्राम अफीम बरामद हुई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद अफीम की कीमत 43 लाख रुपये बताई जा रही है। एसटीएफ टीम ने आरोपी महिला को सुभाषनगर पुलिस को सौंप दिया।एसटीएफ एसपी अब्दुल कादीर ने बताया कि टीम मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों की तलाश कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि सुभाष नगर पुलिया के पास रेलवे के खंडहर क्वार्टरों के पास से होकर एक महिला अफीम लेकर जाने वाली है। टीम ने आरोपी महिला को बुधवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर आरोपी महिला ने बताया कि बरामद अफीम वह झारखंड के चतरा से अखिलेश नाम के व्यक्ति से लेकर आई थी। उसने बताया कि इसे वह स्थानीय लोगों और पंजाब के करनाल के जसवंत नाम के व्यक्ति को मोटी रकम में सप्लाई करती थी। वह यह काम कई वर्षों से कर रही थी।



# मुंडिया जागीर और मंगदपुर के विद्यालयों में मनाया वार्षिकोत्सव

■ **अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते वाले बच्चे हुए पुरस्कृत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** विकासखण्ड दमखोदा (रिछा) के जूनियर हाईस्कूल मंगदपुर और मुंडिया जागीरь में छात्र-छात्राओं द्वारा पेश किए गए रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सबका दिल मोह लिया।

वर्ष भर विद्यालय में आयोजित होने वाले पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप, खेलकूद, मीना मंच, साहित्य कला एवं संस्कृति आदि में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मंगदपुर में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक और पूर्व वरिष्ठ



एबीआरसी सदाकत हुसैन इदरीसी, सहायक अध्यापक भुवनेश प्रताप, एसएमसीके अध्यक्ष नरदेव उपस्थित रहे। जबकि मुंडिया जागीर में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद हसन के अलावा सहायक अध्यापिका शैली जौहरी, रचना सक्सेना, मिथलेश कुमारी, विघालय प्रबंध समिति अध्यक्ष गजाला बी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु की बैठक हुई सम्पन्न

■ **व्यापारियों की समस्याओं, सुझावों को सुनकर उनके निराकरण किए जाने के दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला व्यापार बंधु की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि महादेव पुल से कोहाड़ापीर के दोनों तरफ ई-रिक्शा की वजह से जाम की समस्या होती है, जिसपर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक यातायात को उचित कार्यवाही करते हुए जाम की समस्या से निजात दिलाने के निर्देश दिये। बैठक में व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना में कुछ समस्या आ रही है, जिसपर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को उक्त योजना में आ रही समस्या को अति शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में अवगत कराया गया कि गलत मीटर बिल की शिकायतें अधिक आ रही हैं, जिसपर विद्युत विभाग को अति शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, पुलिस अधीक्षक यातायात मो0 अकमल खान, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, व्यापारीगण सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नेग नहीं देने पर किन्नरों ने दो युवकों को पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सेटेलाइट बस अड्डे के पास किन्नरों की गैरकानूनी गति. विधियां बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार आधी रात किन्नरों ने राह चलते एक युवक से नेग के नाम पर जबरन वसूली की कोशिश की और विरोध करने पर उसे जमकर पीटा।

सेटेलाइट बस अड्डे के पास हर रात किन्नरों का जमावड़ा रहता है। सेक्स गतिविधियों के साथ वे राह चलते लोगों को रो. ककर नेग के नाम पर जबरन वसूली भी करते हैं। मंगलवार रात ई रिक्शा पर जा रहे एक युवक को किन्नरों ने रोक लिया और उससे पैसे मांगने लगे। युवक ने इन्कार किया तो किन्नरों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिली तो सेटेलाइट पुलिस चौकी से पहुंची चीता मोबाइल ने आसपास के लोगों की मदद से युवक को बचाया। पूरी घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। हालांकि युवक ने किन्नरों के खिलाफ तहरीर देने से इन्कार कर दिया।

# जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

■ **0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाने के निर्देश**
■ **पोस्ट ऑफिस के अन्तर्गत जहां-जहां आधार कार्ड बनाये जा रहे हैं वहां पर बोर्ड पर कर्मी का नाम, नंबर व समय अंकित किया जाए, जिससे लोगों को असुविधा न हो**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए। जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जिन बच्चों के आधार कार्ड अभी तक नहीं बन पाए हैं, उनका अतिशीघ्र आधार कार्ड बनवाया जाए। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि बेसिक शिक्षा विभाग तथा बीएसएनएल द्वारा बच्चों का आधार कार्ड बनाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिससे लोगों को समस्या हो रही है, जिसमें अति शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए, यदि अगली बैठक तक आधार कार्ड बनाने के कार्य में सुधार नहीं किया गया तो कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि पोस्ट ऑफिस के अन्तर्गत जहां-जहां पर आधार कार्ड बनाये जा रहे हैं, वहां पर एक बोर्ड बनाकर लगाया जाए, जिसमें आधार कार्ड बनाने वाले व्यक्ति का नाम, मोबाइल नम्बर व समय लिखवाया जाए कि कितने बजे से कितने बजे तक आधार कार्ड बनते हैं, जिससे लोगों को समस्या ना हो। बैठक में निर्देश दिए गए कि जनपद में 360 आधार कार्ड बनाने के केन्द्र हैं, प्रत्येक केन्द्र की प्रति माह समीक्षा की जाएगी कि हर माह कितने आधार कार्ड केन्द्र बन रहे हैं, जिस केंद्र पर भी 200 से कम आधार कार्ड बन रहे हैं उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। यह भी निर्देश दिए गए कि जो भी आधार कार्ड बनाने वाली मशीनें असक्रिय हैं उन्हें अति शीघ्र सक्रिय किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, बीएसएनएल व पोस्ट ऑफिस के अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के सम्बन्ध में हुई बैंक अधिकारियों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आगामी आठ मार्च दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके संबंध में जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के सभागार में समस्त बैंक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का संचालन अपर जनपद न्यायाधीश अजय कुमार शाही, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा किया गया। सचिव द्वारा बैंक के अधिकारियों को लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक वादों के निस्तारण करने हेतु दिशा निर्देश दिए गये, तथा ज्यादा से ज्यादा वादों के सफल निस्तारण कराने पर जोर दिया।

अपर जनपद न्यायाधीश अजय कुमार शाही, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली ने बताया कि सभी बैंकों से आये अधिकारियों से लोक अदालत में लगाए वादों की जानकारी एकत्र की, साथ ही चिन्हित किये गए वादों में ज्यादा से ज्यादा नोटिस प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गए। बैठक में लीड बैंक मैनेजर वीके अरोड़ा, पंजाब नेशनल बैंक से मदन लाल, यूनियन बैंक से कुलदीप सिंह, केनरा बैंक से अरुण कुमार सिंह, इण्डियन बैंक से अनुज कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा से मनोज कुमार, एचडीएफसी बैंक से मृदुल सक्सेना, यूपीसीबी से आशुतोष बाजपेयी एवं सेन्ट्रल बैंक से केएम सक्सेना द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## आगामी पांच से सात मार्च तक लग रही है विशेष लोक अदालत

प्राधिकरण सचिव अजय कुमार शाही, अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया कि जनपद बरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व तीन दिवस की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लघु आपराधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया जा रहा है। सभी न्यायालयों द्वारा लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिए वादों का चयन किया गया है, जिनका सफल निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली सचिव द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का सफल निस्तारण कराएं।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर को लगाया गया है, जो शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोक अदालत का प्रचार कर रहे हैं, और आम जनता को लोक अदालत के लाभ बता रहे हैं।

# जंक्शन के प्लेटफार्म एक से दोबारा शुरू हुआ ट्रेनों का संचालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जंक्शन का प्लेटफार्म एक चालू हो गया है। बुधवार को कई ट्रेनें का संचालन प्लेटफार्म एक से किया गया। अभी तक सुबह से शाम छह बजे तक प्लेटफार्म एक पर मुरादाबाद की ओर से आने वाली ट्रेनों का संचालन बंद था।

मुरादाबाद की ओर से लखनऊ की ओर जाने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस सुबह 11 बजे प्लेटफार्म एक से रवाना हुई। त्रिवेणी एक्सप्रेस रद थी। राजधानी एक्सप्रेस और शाम को गरीबरथ एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक पर रुकी। अभी ट्रैक पर पत्थर नहीं डाला गया है लेकिन डाउन साइड की ट्रेनों को प्लेटफार्म एक से धीमी गति से चलाया जा रहा है।



# अवैध संबंध के चलते सिपाही ने की पत्नी की हत्या

■ **पुलिस ने दोनों मददगार दोस्तों को भी दबोचा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** पीएसी की आठवीं बटालियन में तैनात सिपाही रवि ने अवैध प्रेम संबंधों की वजह से पत्नी मीनू की हत्या की थी। उसने दो दोस्तों की मदद से मीनू के गले में छह बार जहर का इंजेक्शन घोंपा था। पुलिस ने उसके दोनों दोस्तों को भी गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को पुलिस ने तीनों को घटनास्थल पर ले जाकर सीन रीक्रिएशन भी कराया। बृहस्पतिवार को पुलिस घटना का विस्तृत खुलासा करेगी।

मूल रूप से मिलक (रामपुर) के गांव सिहारी के रहने वाले रवि कुमार की शादी पास ही के गांव की मीनू से 2015 में हुई थी। शादी के दो साल बाद वह पीएसी में सिपाही के पद पर नियुक्त हुआ। रवि और मीनू की तीन बेटियां है। शनिवार दोपहर रवि कुमार 28 वर्षीय मीनू को कार में साथ लेकर दवा दिलाने के बहाने से घर से निकला था। रास्ते में फरीदापुर इनायत खां के पास दो दोस्तों के साथ मीनू के गले में जहर के इंजेक्शन लगाकर उनकी हत्या कर दी। मीनू के पिता जगदीश ने रवि और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटना के बाद रवि की कॉल डिष्टेल की जांच की तो उसके अवैध प्रेम संबंधों का पता चला। एक महिला के नंबर पर उसकी नियमित रूप से लंबी बात होने की पुष्टि हुई। इसके बाद रवि से पूछताछ की तो पुष्टि हो गई कि इसी महिला की वजह से उसने अपनी पत्नी को रास्ते से हटाया है। पूछताछ में रवि ने मीनू पर भी कई आरोप लगाए। मीनू के पिता जगदीश का आरोप है कि रवि ने इससे पहले भी एक बार गला दबाकर उनकी बेटी की हत्या करने की कोशिश की थी। उसे कई बार मारपीट कर घर से भी निकाल चुका है।

पत्नी की हत्या का आरोपी सिपाही रवि फार्मा का डिप्लोमा कर चुका है। इसी वजह से उसके दिमाग में मीनू की जहर के इंजेक्शन लगाकर हत्या का करने का आयडिया आया। हत्या की साजिश में साथ देने के लिए उसने अपने एक फार्मासिस्ट दोस्त को भी तैयार किया। दोनों दोस्तों के साथ उसने मीनू को कार में ही दबोचकर उसके गले में जहर के इंजेक्शन लगाए। मीनू की मौत के बाद उसके दोस्त फरार हो गए। खुद रवि हमले का नाटक करते हुए पास के खेत में जाकर लेट गया। पुलिस ने कॉल डिटेल के जरिए ही हत्या में साथ देने वाले उसके दोस्तों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया है। आरोपी रवि ने पुलिस की पूछताछ में पत्नी मीनू पर भी कई गंभीर आरोप लगाए। पुलिस को बताया कि वह मीनू से इस कदर परेशान था कि अगर वह नहीं मरती तो उसे खुद मरना पड़ता। दूसरा कोई रास्ता नहीं था। इस वजह से मजबूर होकर उसने उसकी हत्या करने का फैसला लिया।

> मीनू के सिपाही पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर सीन रीक्रिएशन कराया है। प्रारंभिक जांच में अवैध संबंधों की वजह से हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।
> **मुकेश चंद मिश्रा, एसपी उत्तरी**

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# सड़क हादसे में सहायक बैंक मैनेजर की मौत, साथी घायल

## ड्यूटी जाते समय गांव जौनमाना के निकट हुई घटना, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली बडौत क्षेत्र के गांव जौनमाना के निकट बड़ौत-कौताना मार्ग पर गन्ने से भरी एक ट्रैक्टर -ट्राली की सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर सवार सहायक बैंक मैनेजर की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली अपने कब्जे में लेते हुए घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोंकर बुराहाल हो गया।

गांव लुहारी निवासी विक्रांत दिल्ली में आईडीएफसी बैंक की शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर तैनात है। जबकि गांव का ही गौरव उसी बैंक में कर्मचारी है। बताया गया है कि गुरूवार को सुबह करीब सात बजे वह दोनों बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। जब वह बड़ौत-कौताना मार्ग पर गांव जौनमाना के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही गन्नो से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सहायक बैंक प्रबंधक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्राली चालक को हिरासत में ले लिया है जबकि घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुराहाल हो गया। बताया गया कि मृतक की करीब दो वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। पुलिस घटना की जांच कर रही है।


मृतक विक्रांत का फाईल फोटो



## होटल में जीजा के साथ रंगरलियां मनाती पकड़ी साली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरूवार को दोपहर दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित एक होटल में जीजा शाली रंगरलिया मनाते हुए पकड़े गए। मौके पर पहुंचे पति ने दोनों की जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।

गुरूवार को दोपहर एक महिला अपने जीजा के साथ होटल में पहुंची और वहां पर कमरा बुक कराकर कमरे के अंदर चले गए। इस बीच महिला के पति को किसी ने उनके होटल में होनी की सूचना दे दी। सूचना मिलने के बाद पति अपने भाईयों के साथ मौके पर पहुंच गया और अपनी पत्नि को उसके जीजा के साथ रंगे हाथो रंगरलिया मनाते हुए पकड़ लिया। पत्नि को जीजा के साथ आपत्ति जनक स्थिती में देंखकर पति अपना आपा खो बेठा और बेल्ट निकालकर बेल्ट से पत्नि की धुनाई शुरू कर दी। इस संबंध में पुलिस को भी सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पति ने अपनी पत्नि व उसके जीजा को पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पत्नी व साले पर झूठी शिकायत करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पत्नी व साले पर दोघट तथा मंसूरपुर थाना में झूठी शिकायत करने का आरोप। पलड़ा गांव के पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

गुरुवार को करीब साढे 11 बजे दोघट थाना क्षेत्र के पलडा गांव निवासी दानिश के मुताबिक करीब दो साल पहले मंसूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पत्नी अपने घर चली गई। पत्नी का घर लाने का कई बार प्रयास किया, लेकिन पत्नी घर नहीं आई। पत्नी को घर लाने के लिए अदलात में मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि पत्नी व साला दोघट तथा मंसूरपुर थाना में झूठी शिकायत करते रहते है। पीड़ित ने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से शिकायत कर मामले की जांच कर कराकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है।



# आजादी के महानायक को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आजादी के महानायक, क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में वात्सायन प्लेस में आयोजित एक गोष्ठी में उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पीत कर नमन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षाविद कुंवर महासिंह चौहान ने कहा कि उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को उनके जीवन वृत्त से प्रेरणा लेनी चाहिए। संरक्षक राजपाल शर्मा ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों की बदौलत ही देश आजाद हुआ है। महामंत्री डा.महेन्द्र सिंह धामा मैनेजर ने कहा कि मां भारती के सच्चे सपूत चन्द्र शेखर आजाद की गौरव गाथा को युगों-युगों तक भुलाया नहीं जा सकता है। राष्ट्र वन्दना मिशन के जिला संयोजक देवेन्द्र आर्य एडवोकेट ने कहा कि आजादी के इस पुरोधा ने अंग्रेजों के साम्राज्य की चूल हिला दी थी। कोषाध्यक्ष राकेश मोहन गर्ग ने कहा कि देश की आजादी के लिए इनका बलिदान हमारी धरोहर है। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष कुंवर महासिंह, संरक्षक राजपाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम, महामंत्री डा.महेन्दर सिंह मैनेजर, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र आर्य, कोषाध्यक्ष राकेश मोहन, राजेन्द्र प्रसाद मैनेजर, अजय शर्मा मैनेजर, पूर्व प्रधानाचार्य नरेश शर्मा, धर्मवीर सिंह सत्यनारायण, राजेश्वर सिंह, रवीदत्त शर्मा, जयप्रकाश आदि उपस्थित रहे।



# पुरानी रंजिश के चलते साथियों के साथ मिलकर पड़ौसी ने की थी फैसल की हत्या

## शव बरामद होने के बाद पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा छपरौली में पुरानी रंजिश के चलते पडौसी ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर फैसल की हत्या की थी और शव गांव हर्शिया के निकट हिंडन नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने गत बुधवार को आरोपी की निशानदेही पर शव हिंडन नदी से बरामद कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

गुरूवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि गत 21 फरवरी को कस्बा छपरौली निवासी असगर ने अपने 21 वर्षीय पुत्र फैसल की गुमशुगी के संबंधा में रिपोट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में कस्बे के रहने वाले परवेज का नाम प्रकाश मे आया था। पूछताछ के दौरान परवेज ने फैसल की हत्या कर शव हिंडन नदी में फेंकना बताया था। उसने बताया था कि वर्ष 2021 मे उनका फैसल के परिवार से विवाद हो गया था। इस संबंध में उन्होंने थाना छपरौली में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि इसी रंजिश के चलते परवेज ने लोनी निवसी एक महिला के प्रेमजाल में फैसल को फंसाया। गत 15 फरवरी को उस महिला ने फोनकर फैसल को अपने कमरे पर बुलाया और चाय में नीन्द की गोलियां डालकर उसे पिला दी। बेहोश हो जाने के बाद आरोपी उसे गाडी में डालकर गांव हर्शिया के निकट हिंडन नदी के किनारे ले गए और गोली मारपकर हत्या करने के बाद शव के तीन टुकडे कर नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने गत बुधवार को आरोपी की निशानदेही पर नदी से शव बरामद कर लिया था। एएसपी ने बताया कि पुलिस इस हत्याकांड में शामिल दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपियों के नाम परवेज, सावेज निवासीगण छपरौली, इनाम व दानिश बताये गए हैं।



# डाकघर की खस्ता हालत से ग्रामीण परेशान, किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दाहा गांव में डाकघर की खस्ता हालत से ग्रामीण परेशान हैं। कर्मचारियों की अनियमित उपस्थिति और बुनियादी सुविधाओं की कमी से सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

डाकघर में दो कर्मचारी-बीपीएम और पोस्टमास्टर नियुक्त हैं। लेकिन वे या तो डाकघर पहुंचते नहीं हैं या देर से आते हैं। इससे खाता खोलने और डाक वितरण जैसी मूलभूत सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। डाकघर में कई बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। न तो बाहर पोस्ट ऑफिस का बोर्ड लगा है, न लेटर बॉक्स है और न ही डाक विभाग की कोई गाड़ी उपलब्ध है। कर्मचारियों की अनियमितता और सुविधाओं की कमी से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। चेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो डाकघर के बाहर धरना देंगे। प्रदर्शन में जनहित ट्रस्ट के सचिव राजकुमार राणा समेत रामबीर राणा, महक सिंह, सत्यवीर राणा और अन्य ग्रामीण शामिल थे। एएसपी डाक विभाग बागपत हरेंद्र कुमार ने कहा कि अब कर्मचारी समय पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने लेटर बॉक्स और बोर्ड लगाने जैसी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।



# चौधरी चरण सिंह हमेशा भाजपा के आदर्शः भूपेंद्र चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गुरुवार को बागपत के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट कर आगामी कार्यक्रमों को लेकर वार्ता की। उन्होंने कहा कि 2027 में हम मोदी और योगी की रणनीति पर कार्य करते हुए फिर अपनी सरकार बनाएंगे। हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं को लेकर चलती है। संगठन और कार्यकर्ताओं के बल पर हम आगे बढ़ने का कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि पर योगी सरकार ने बहुत से विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह हमेशा भाजपा के आदर्श रहे हैं। कहा कि महाकुंभ हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है और इसका इतना भव्य आयोजन पूरे विश्व में भारत की पहचान को और मजबूत करता है। इस दौरान बैठक में भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि समा. जवादी पार्टी हमेशा सनातन धर्म और हमारी संस्कृति को कलंकित करने का काम करती रही है। इस दौरान पश्चिमी क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, राज्य मंत्री केपी मलिक, जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, विनोद पांचाल, दिनेश प्रधान, आत्माराम मौर्य, महेश आर्य, सुंदर धामा, अमित उपाध्याय, गौरव शर्मा भानु, अमित जैन, महिपाल कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।



# खेतों पर रखवाली कर रहे किसान को आवारा सांड़ ने मारी टक्कर, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सुभानपुर गांव मे खेतो पर रखवाली कर रहे किसान को आवारा सांड़ ने टक्कर मार घायल कर दिया। घायल किसान को गम्भीर अवस्था में दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुभानपुर निवासी नेपाल पुत्र जगराम खेतो मे आवारा पशुओं से फसल को बचानें के लिए रखवाली कर रहा था तभी एक आवारा पशुओं का झुण्ड वहा पहुंच गया जिससे भगाने के लिए किसान खेतो में पहुंचा तो एक सांड उसके पीछे दौड़ पड़ा जिससे भयभीत होकर किसान गांव की और दौड़ पड़ा। पांच सौ मीटर दौड़ने के बाद किसान को आवारा सांड ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे देख अन्य किसान भी वहा पहुंच गये और सांड को भगाया और गम्भीर किसान को दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया।



## राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ इकाई के सात दिवसीय शिविर को हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ इकाई के सात दिवसीय शिविर का आज 27 फरवरी 2025 को समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य डा. वीरेंद्र प्रताप सिंह, उपप्राचार्य मदनपाल सिंह, क्षेत्रीय विकास संस्थान के आचार्य अजीत कुमार ,वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डा. शीशपाल सिंह, डा. रेणु चौधरी और बड़ौत नगर पालिका वार्ड नंबर 9 की सभासद वर्षा तोमर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें स्वयं सेविकाओं ने लोक नृत्य प्रस्तुत किए एवं रोड सेफ्टी पर नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम अधिकारी डा.इंदु ने स्वयं सेविकाओं द्वारा 7 दिन तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय समाज सेवा के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि शिविर से देश भक्ति, समाज सेवा में जरूरतमंद लोगों को सेवा करने की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर डा. चंद्रपाल सिंह, डा. प्रशांत मिश्रा, दयावती आदि उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में, साक्षी, अपराजिता ,इकरा ,रिशु ,खुशी मरियम, अक्षरा, काजल, मुनमुन का विशेष सहयोग रहा। लैब सहायक सुनील कुमार ने भी शिविर को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

# स्कूल में मनाई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबग में पं.चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर एक श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, डायरेक्टर दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा व मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत कुमार शर्मा ने वीर शिरोमणि आजादी के दीवाने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके और पुष्पांजलि अर्पित करके किया। इस अवसर पर चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि ऐसे बहादुर ही पैदा होते हैं और उन्हें अंग्रेजों का जरा भी खौफ नहीं था। बल्कि अंग्रेज उनसे खौफ खाते थे। इसीलिए उनकी मृत्यु के बाद भी उनके पार्थिव शरीर के पास जाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई थी। डायरेक्टर दिनेश शर्मा ने आजाद को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे आजाद पैदा हुए, आजीवन आजाद रहे और आजाद ही मृत्यु को प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य हरिदत्त ने कहा कि ऐसे दीवानों ने आजादी के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया और बाद में उनकी माता को दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर होना पड़ा क्योंकि भारत सरकार का रवैया दोहरे मापदंड वाला रहा। आज भी वीर शहीदों को राजनीतिक लाभ के लिए प्रयोग में लाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन सोनम चौधरी ने किया। इस अवसर पर संगीता, निधि शर्मा, नीतू चौधरी, सचिन पंवार, हिमांशु पंवार, संजय शर्मा, अंशुल गुप्ता, प्रीति, वीशू, शालिनी एवं सीमा चौधरी उपस्थित रहे।



# अदम्य साहस एवं वीरता के पर्याय वीर थे आजादः शौकेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के बदरखा गांव में महान स्वतंत्रता सेनानी आजादी के महानायक शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर हिंदू युवा वाहिनी ने शत-शत नमन किया। इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि अदम्य साहस एवं वीरता के पर्याय वीर क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस को हम अपने जीवन में भुला नहीं सकते। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों में चंद्रशेखर आजाद का नाम सदा अग्रणी रहेगा। उनका जन्म 23 जुलाई 1906 को ग्राम माबरा झाबुआ मध्य प्रदेश में हुआ था। उनके पूर्वज गांव बदरखा जिला उन्नाव उत्तर प्रदेश के निवासी थे। चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि मैं आजाद था आजाद हूं आजाद रहूंगा। चंद्रशेखर आजाद ने संकल्प लिया था कि ब्रिटिश सरकार के सामने कभी घुटने नहीं टेकेगे। हम आजाद हैं आजाद ही रहेंगे। चंद्रशेखर आजाद के देशप्रेम और साहस से आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। देश को आजाद करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाने का काम किया था। आज हमारे देश के युवा आजाद के बताए रास्ते पर चलने का काम करें। हंदू युवा वाहिनी पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा आज अपने आवास पर आजादी के महानायक देश के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद के बारे में उनकी पुण्यतिथि मनाने के बाद प्रेस वार्ता कर रहे थे। इस मौके पर अंकुर मलिक धर्मेंद्र मलिक जयवीर सिंह रविंद्र सिंह योगेश चौधरी नितिन रजत प्रांजल चेतन तेजस्वी खोखर आदि मौजूद रहे।



# कुर्डी टीले पर भिन्न-भिन्न वस्तुएं निकलने की जताई संभावनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के कुर्डी टीले पर बृहस्पतिवार को उत्खनन किया गया। यहां पर खुदाई के दौरान अलग-अलग वस्तुएं निकल रही है। आगे और अधिक कई प्रकार की वस्तुएं निकालने की संभावनाएं भी की जा रही है। यहां पर बनाए गए कुछ ट्रेंचों में ही पुरातत्वविदों को पुरावशेष मिले हैं। उम्मीद है कि जल्द ही नए ट्रेंच बनाकर खोदाई की जाएगी। खुदाई के दौरान किस तरह की वस्तु यहां मिलेगी यह तो खुदाई के बाद ही पता चलेगा। कुर्डी के टीले पर भारतीय विरासत संस्थान द्वारा जनवरी माह से उत्खनन किया जा रहा है। टीम ने शुरूआती दौर में निरीक्षण के दौरान संभावना जताई थी कि टीला पुरावशेषों की दृष्टि से बेहद खास है। खोदाई शुरू होते ही ट्रेंच से पुरावशेष मिलने लगे, मगर अभी तक कुछ ही ट्रेंचों से पुरावशेष मिले हैं। बाकी से कुछ नहीं मिल पाया है। पुरावशेषों की तलाश में ही ट्रेंचों में करीब पांच फीट गहराई तक खोदाई की गई। इसके बाद भी पुरातत्वविदों के हाथ खाली रहे। ऐसा नहीं है कि टीले पर एक ही तरफ ट्रेंच बनाए गए है। टीले की चारों दिशाओं में तीन-तीन ट्रेंच बनाकर कुल 12 ट्रेंचों में खोदाई का काम किया जा रहा है। यहां पर बृहस्पतिवार को भी उत्खनन किया गया। दोनों टिल्लो पर तेजी से कार्य चल रहा है। मशीनों के जरिए भी खुदाई की जा रही है। बृहस्पतिवार को खुदाई के दौरान अनेक प्रकार की वस्तुएं यहां पर मिली है जिनको जांच के लिए सुरक्षित रखा जा रहा है।



# आर्मी वर्कशॉप में धमाका, लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित 510 आर्मी वर्कशॉप में गुरुवार को तेज धमाका हो गया। सेन्य अधिकारियों को जब हकीकत पता चली तो उन्होंने राहत की सांस ली।

आर्मी वर्कशॉप के पार्किंग में खड़ी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी की बैटरी फटने से उसमें आग लग गई। इससे तेज धमाका हुआ। वर्कशॉप में मौजूद कर्मचारियों ने किसी तरह पानी डालकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। कंकरखेड़ा के कासमपुर निवासी शिवम ने बताया कि वह 510 वर्कशॉप के इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट में कार्यरत है। उन्होंने लगभग दो साल पूर्व दिल्ली से इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी खरीदी थी। वह अपनी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से डयूटी पर गए थे। जिसके बाद उन्होंने अपनी स्कूटी वर्कशॉप की पार्किंग में खड़ी कर दी थी। पीड़ित ने दोपहर के समय स्कूटी स्टार्ट की। जिसके बाद धमाका हो गया।

# जिला बार में बनीं राजीव कुमार त्यागी की सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन की मतगणना में राजीव कुमार त्यागी पैनल की जीत हुई है सुबह से ही जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर वोटरों में भ्रम की स्थिति थी।

वोटर के मन में भ्रम था की कौन सा पैनल जीतेगा और किस पैनल को कितनी वोट प्राप्त होगी। राजीव कुमार त्यागी को 406 वोट और दूसरे पैनल के अध्यक्ष शिव दत्त जोशी को 210 वोट मिली कुल मिलाकर 196 वोट से राजीव त्यागी ने जीत दर्ज कराई है। महामंत्री पद के लिए चुनाव लड़ रहे है राजीव त्यागी पैनल के अमित राणा को 451 व शिव दत्त जोशी पैनल के मनोज कुमार को 158 वोट मिली है। महामंत्री के पद पर 293 वोट से अमित राणा विजयी घोषित हुए है। बता दे की जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में शिव दत्त जोशी और राजीव त्यागी पैनल चुनाव मैदान में थे दोनों ही पैनल दिन-रात अधिवक्ताओं से संपर्क कर अपने लिए वोट की अपील करते दिख रहे थे। आखिर गुरुवार को लोगों का इंतजार खत्म हुआ और राजीव त्यागी पैनल को विजई घोषित कर दिया गया। इस बीच राजीव त्यागी पैनल के समर्थकों ने राजीव त्यागी को कंधे पर बिठाकर जिला बार परिसर में जुलूस निकाला बता दें कि इससे पहले भी तीन बार राजीव त्यागी पैनल अध्यक्ष पद की कमान संभाल चुके है।

## शिशु लोक में वार्षिक उत्सव 2025 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सूरजकुंड स्थित आर्य नगर के शिशु लोक स्कूल में गुरुवार को एक वार्षिक उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य कविताएं और नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान मां सरस्वती वंदना ने सभी का मन श्रद्धा से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरीश भारद्वाज ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन होने चाहिये।

## विजय सिंह पथिक की जयंती को किसान अधिकार दिवस के रूप में मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कमिश्नरी पार्क पर भारतीय किसान यूनियन पथिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सेतकुआं ने एक कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को लुभाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम किसान नेता विजय सिंह पथिक की जयंती को किसान अधिकार दिवस के रूप में मनाया गया है उन्होंने कहा कि विजय सिंह पथिक ने सर्वप्रथम भारत के पहले किसान आंदोलन बिजोलिया किसान आंदोलन का सफल नेतृत्व किया। उन्होंने किसानों को अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया कहा कि राजनीतिक दल चुनाव के समय किसानों को बड़े-बड़े सपने दिखाते हैं किंतु सत्ता में आने के बाद किसानों के साथ नाइंसाफी करते हैं इस दौरान दिनेश गुर्जर, अमित भड़ाना, कपिल, विनोद प्रधाान, अंकित मावी आदि मौजूद रहे।

## एलेक्जेन्डर एथलेटिक क्लब में होगा अंतरर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एलेक्जेन्डर एथलेटिक क्लब में अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार एक मार्च से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश विदेश के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

आठ दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में तीस साल से पचहत्तर साल की उम्र के पुरुष खिलाड़ी तथा तीस से पैंतालीस साल की महिला खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन आईटीएफ के तत्वावधान में एमटी 700 यानी मास्टर टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 8 मार्च को क्लब में स्थित तीन सिंथैटिक कोर्ट व मेरठ कालेज के विक्टोरिया पार्क स्थित कोर्ट में किया जाएगा। इस टूर्नामिंट में लगभग 232 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसमें मुख्य रुप से देश-विदेश के प्लेयर्स भाग ले रहे है। महिला और पुरुष श्रेणी में हर पांच साल के गैप में क्रमश: पांच और आठ ग्रुप बनाए गए है तो वहीं मिक्सड डबल के लिए पांच दो वर्ग बनाए गए है। ये प्रतियोगिता महिलाओं के लिए तीस से पचास उम्र तो पुरुषों के लिए तीस से पचहत्तर साल की उम्र रखी गई। आईटीएफ के मानकों के अनुसार जो भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता को जितेगा उसे सात सौ पॉइंटस मिलेंगे। इन पॉइंटस के आधार में सभी खिलाड़ी वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए अपनी दावेदारी कर सकते है।

# महिलाएं खुलकर कहें अपनी बात महिला आयोग उनके साथ: डॉ. हिमानी अग्रवाल

- हर चुनौती से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग है तैयार: सीएमओ
- डॉ. हिमानी ने सर्किट हाउस में सुनीं महिलाओं की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्किट हाऊस में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा महिलाओं से संबंधित मामलों में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में पुलिस से संबंधित कुल 25 प्रकरण प्राप्त हुए जिस पर हिमानी अग्रवाल ने सभी प्रकरण के निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए इस दौरान मेरठ के सीएमओ अशोक कटारिया ने भी महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। डॉ. हिमानी अग्रवाल ने कहा कि सभी अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें, जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह खुलकर अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी महिला उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं का संज्ञान प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित कार्यवाही करें।

जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित अधिकारियो के संबंध में उन्होंने कहा कि इसकी सूची बनाकर विभाग के संबंधित उच्चाधिकारी को भेजी जायेगी। जनसुनवाई के दौरान आशा ज्योति केंद्र मेडिकल कॉलेज में कार्य करने वाली नर्स आरती गौतम ने आरोप लगाया कि प्रोजेक्ट मैनेजर नितिन, मारूफ खान, महिला शक्ति केंद्र में कार्यरत नेहा त्यागी के द्वारा उससे नौकरी लगवाने के नाम पर ढाई लाख रुपए की रिश्वत ली गई, उसके बाद 6 महीने बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया, पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके बाद भी नेहा त्यागी को जिला प्रोबेशन कार्यालय में दोबारा से जॉइनिंग कर दी गई, किसी भी तरह की कार्रवाई नेहा त्यागी के खिलाफ नहीं की गई। उसके साथ ही आशा ज्योति केंद्र में केस वर्कर के पद पर नियुक्त आशा ज्योति ने आरोप लगाया कि सहकर्मी अजय कुमारी गुंजन पूजा रानी वर्मा के द्वारा उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने अधिकारियों को दोनो प्रकरणों में कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी तरह से भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उन्होंने कहा कि दोनों ही मामले में एफआईआर दर्ज है उसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है, इस संबंध में उच्च अधिकारियों से मिलकर कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया ने कहा कि उनके विभाग से जुड़े हुए प्रकरणों में किसी भी तरह की कोताही बरती नही जायेगी। महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए उनका विभाग पूरी तरह सख्ती से काम ले रहा है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश कुमार, अपर नगर मजिस्ट्रेट (सदर) रश्मि कुमारी, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, पुलिस महिला थाना व थाना एएचटीयू प्रभारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, खुशबू शर्मा, विकास विभाग व विभिन्न विभागों से कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसानों ने जानी थाने के गेट पर लगाई सील

### हत्या का खुलासा न होने का विरोध, एसपी देहात के आश्वासन पर मानें




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** करीब तीन सप्ताह पहले जानी थाना क्षेत्र गांव पांचली में शराब पार्टी के दौरान बदमाश रिंकू ने डॉ. इमरान की गोली मारकर हत्या कर दी थी इसमें इमरान के दो दोस्त सलमान और जावेद को भी गोली मार दी थी जिसमें वह गोली लगने से घायल हो गया था।

डॉ. इमरान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था परिजनों ने सड़क पर जाम लगाया था और हत्या का जल्द से जल्द खुलासा करने की बात कही थी वहीं एसएसपी विपिन टाडा ने रिंकू पर 25000 का इनाम घोषित कर दिया था लेकिन इनाम घोषित होने के बाद लगातार रिंकू फरार चल रहा है और पुलिस की पकड़ से दूर है और गांव वाले खौफ में जी रहे हैं रिंकू का इतना दबदबा है उसके सामने कोई नहीं बोल सकता। इसी के चलते गुरुवार को गुस्साएं किसान यूनियन के नेता ने धरने की चेतावनी के बाद से थाना परिसर चारों तरफ से सील कर दिया, और किसानों ने खुद ही बैरिकेटिंग कर चारों तरफ से बांस बल्ली लगाकर आने जाने का रास्ता भी बंद कर दिया। किसानों ने पूरी तरह थाना परिसर सील कर दिया इसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह का सीओ सरधना संजय जयसवाल वहीं धरने पर बैठ गए। लेकिन उनकी किसी ने नहीं मानी तो फोन पर एसपी देहात से बात हुई और घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने की बात कही उसके बाद थाना पुलिस और अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## राष्ट्रीय सेवा योजना बालक वर्ग की द्वितीय इकाई का हुआ शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देवनागरी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना बालक वर्ग की द्वितीय इकाई का एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ कालेज प्राचार्य डॉक्टर अशोक राठी व कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ललित शर्मा ने किया। शिविर मे स्वयंसेवकों ने साक्षरता जागरूकता अभियान की रैली स्लोगन के साथ निकालकर लोगों को साक्षरता के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ललित शर्मा ने लोगों को साक्षरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि साक्षरता केवल पढ़ने व लिखने तक सीमित नहीं है बल्कि यह व्यक्ति को अपने अधिकार व कर्तव्य के बारे में भी जागरूक करती है। अनपढ़ समाज की महत्वपूर्ण समस्या है जिसका समाधान शिक्षित होकर ही किया जा सकता है। रैली में रजनीश, आयुष, देशराज, संदीप, गुलाब सिंह आदि स्वयंसेवकों ने भाग लिया। वहीं कॉलेज प्रवक्ता अब्दुल कादिर, करण त्यागी, अमन त्यागी, अभय कुमार आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# शराब के नशे में दो पक्ष भिड़े, धारदार हथियारों से एक दूसरे को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के माधवपुरम सेक्टर तीन में शराब पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई और मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे और पत्थरों से हमला कर दिया।

वहीं पिंकी नाम का युवक अपने दोस्तों के साथ स्विमिंग पूल पर शराब पी रहा था। इसी दौरान उनमें किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने धारदार हथियारों और ईंटों का इस्तेमाल शुरू कर दिया। पिंकी पक्ष ने विरोधी समूह की बाइक पर पहले ईंटें बरसाईं और फिर गैस सिलेंडर से हमला कर बाइक को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हिंसक झड़प में पिंकी और उसका एक दोस्त घायल हो गए। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी पक्ष फरार हो चुका था। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना ब्रह्मपुरी पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई और आरो. पियों की तालाश शुरू कर दी है।

## युवती की बरामदगी को पुलिस से मिले परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** बंधन बैंक के कर्मचारी द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाई गई युवती की बरामदगी के लिए पीड़ित परिजन कुछ लोगों के साथ इंस्पेक्टर से मिले। इंस्पेक्टर ने 48 घंटे में बरामदगी का आश्वासन दिया है। शाहजहांपुर स्थित बंधन बैंक में कार्यरत गढ़मुक्तेश्वर निवासी कर्मचारी बीते माह नगर की एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। घटना के तुरंत बाद रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद पुलिस अभी तक युवती को बरामद नही कर पाई। गुरुवार को पीड़ित परिजनों के साथ नगर के दर्जनों महिला-पुरुष कांग्रेस नेता मुहम्मद आसिफ के नेतृत्व में इंस्पेक्टर से मिले और अनहोनी की आशंका जताते हुए युवती की जल्द बरामदगी की मांग की। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने उन्हें 48 घंटे में युवती की बरामदगी का आश्वासन दिया है।

## आग में झुलसीं महिला की उपचार के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र की खुशहाल कॉलोनी तूबा मस्जिद के पास एक महिला आग में झुलस गई उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घर से जला हुआ सुसाइड नोट बरामद किया है। वही बता जा रहा है कि पति के अवैध संबंधों के चलते एक महिला ने खुद को आग लगा ली। खुशहाल कॉलोनी तूबा मस्जिद के पास शमसुद्दीन के मकान में किराए पर जाहिद अपनी पत्नी शबनम के साथ रहता है और जाहिद छोटा हाथी चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है जहां गुरुवार की सुबह छोटा हाथी लेकर जाहिद घर से निकल गया। इसी दौरान गुरुवार दोपहर शबनम ने खुद को आग लगा ली जहां आसपास के लोग चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे। वही आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे क्षेत्रधिकार आरती जैन और थाना ब्रह्मपुरी पुलिस ने घटना का जायजा लिया।

## किन्नर को मिली जान से मारने की धमकी, आधा दर्जन किन्नरों ने थाने पहुंचकर की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में बुधवार की देर रात में आधा दर्जन किन्नर थाना लिसाड़ी गेट पहुंच गए जहां उन्होंने दो दबंगों पर जान से मारने की धमकी दी। वही लिंग परिवर्तन कर उनको फंसाने का आरोप लगाते हुए दबंग के खिलाफ लिसाड़ी गेट पुलिस से शिकायत करते हुए तहरीर दी है।

पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है और जांच पड़ताल कर रही है। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर गली नंबर पांच के रहने वाले आधा दर्जन किन्नर बुधवार थाना लिसाड़ी गेट पहुंच गए। उन्होंने श्याम नगर के ही रहने वाले दो दबंग जुबेर और आदिल पर जान से मारने सहित लिंग परिवर्तन कर उनको फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए बताया कि दबंग आए दिन आते जाते परेशान करते हैं। वहीं जान का खतरा बताते हुए। आधा दर्जन किन्नर ने लिसाड़ी गेट पुलिस से दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी सुभाष गौतम ने तहरीर लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है और आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी है।

# लावड़ में एडीएम प्रशासन ने विकास कार्यों का किया सर्वे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** गुरुवार को एडीएम प्रशासन ने लावड़ कस्बे में पहुंचकर तालाबों का सर्वे किया जिससे अवैध कब्जे हटाकर उनका सौंदर्यीकरण कराया जा सके। उनके साथ चेयरपर्सन हज्जन आफताब व अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

सर्वे के बाद चेयर पर्सन ने कहा कि कस्बे के तालाबों की साफ सफाई कराकर उनके आस पास कस्बे वासियों के घूमने के लिए पार्क और ओपन जिम बनवाने के लिए विचार किया गया था। जिस पर एडीएम साहब ने इस कार्य को हरी झंडी दिखाते हुए जल्द ही कार्य शुरू कराने की बात कही। वहीं चेयर पर्सन ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम कस्बे की जनता को ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य की सौगात दें, और कस्बावासियों की हर एक उम्मीद पर खरा उतरे। उन्होंने कहा कि कस्बे की सबसे बड़ी समस्या जल निकासी न होना है। इस पर भी जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा। वहीं अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि बृहस्पतिवार को कस्बे में एडीएम प्रशासन ने विकास कार्यों की समीक्षा की जो विकास कार्य कस्बे में चल रहे हैं और जो होने बाकी है उन सभी का सर्वे किया। उन्होंने बताया कि कस्बे के दो तालाब अभी सौंदर्यीकरण में प्रस्तावित है बाकी को अगले प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा।

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बयान पर बिजनौर सांसद ने जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नई शिक्षा नीति व हिंदी भाषा को लेकर विरोध जताया। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के शिक्षा नीति वाले बयान को लेकर विरोध जताया। जिसको लेकर बिजनौर से रालोद के सांसद ने गुरुवार को कंकरखेड़ा में एक प्रेस वार्ता की। जिसमें उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा। वहीं गन्नों के दामों में वृद्धि को लेकर चर्चा की।

नेशनल हाईवे- 58 स्थित गायत्री ग्रीन कॉलोनी में रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील रोहटा के आवास पर गुरुवार शाम बिजनौर से रालोद के सांसद चंदन चौहान पहुंचे। उन्होंने एक प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान रालोद सांसद ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने हिंदी भाषा के समर्थन को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को ट्वीट किया। सांसद ने कहा कि हिंदी भाषा को किसी भी राज्य पर थोपने का काम नहीं किया जा रहा है, हिंदी भाषा हमारी मातृभाषा है। दरअसल तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा था कि नई शिक्षा नीति के तहत केंद्र सरकार संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। अगर संस्कृत भाषा को बढ़ावा दिया जाता है, तो तमिलनाडु के लोगों को खतरा पैदा हो जाएगा। वहीं रालोद के सांसद ने कहा कि वह और उनकी पार्टी के विधायक तमिलनाडु के मुख्यमंत्री की इस बात का विरोध जताते हैं। हिंदी भाषा व नई शिक्षा नीति को आगे बढ़ाने का समर्थन करते हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़, संगीता दो. हरे, नरेंद्र खजूरी, दीपक तोमर, संजय पनवाड़ी, प्रशांत चौधरी, आतिर रिजवी, युगांश राणा आदि मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में धोखाधड़ी करने पर तीन बहनें गिरफ्तार

## कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर की धोखाधड़ी एक लाख 53 हजार रुपये प्राप्त करने वाली तीनों हैं सगी बहनें

■ तीनों सगी बहनों नें मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह के अर्न्तगत लिया था लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** बीती दिनांक 05 दिसम्बर 2023 को मुख्यमंत्री साम.ुहिक विवाह कार्यक्रम रामपुर के आयोजन में तीन सगी बहने आफरीन जहाँ, शमा परवीन एवं नाजरीन जहाँ पुत्रीगण अब्दुल नवी निवासीगण मोहल्ला मनिहारन कस्बा व थाना टाण्डा रामपुर द्वारा सामुहिक विवाह योजना के तहत अपनी माता वास्तविक नाम नाजमा बेगम के स्थान आफरीन जहां ने अपनी माता का नाम जायदा, शमा परवीन ने अपनी माता का नाम हसीना, नाजरीन जहां ने अपनी माता का नाम जैनब दर्शाते हुए आवेदन किया था। जिसके क्रम में दिनांक 05.12.2023 को रामपुर मे सम्पन्न




सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आफरीन जहाँ का विवाह नावेद पुत्र असगर अली निवासी ग्राम इमरता खेमपुर स्वार जनपद रामपुर व शमा परवीन का विवाह तहब्बर पुत्र बदलू सिंह निवासी अजयपुर सैजनी नानकार रामपुर तथा नाजरीन जहाँ का विवाह मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी कुण्डा मिस्सर वाला उधम सिंह नगर के साथ सम्पन्न हुआ तथा उक्त तीनों द्वारा मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना से प्राप्त 35 35 हजार रुपये अपने बैंक खातों मे नकद प्राप्त किये तथा 16 सौलह हजार रुपये के दान उपहार आदि का लाभ प्राप्त किया गया। इसी क्रम में शिकायतकर्ता अहमद नवी पुत्र मौहम्मद नवी निवासी मोहल्ला नबावपुरा वार्ड नम्बर 4 कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर आदि व्यक्तियों द्वारा जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र की जाँच अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टाण्डा रामपुर द्वारा करते हुए पाया कि आवेदिका आफरीन जहां, शमा परवीन एवं नाजरीन जहां तीनो सगी बहने है और उनकी माता का नाम नाजमा बेगम होना पाया। परन्तु उक्त तीनों ने मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम के आवेदन पत्र में अपनी माता का नामा अलग-अलग अंकित कर धोखाधड़ी से दस्तावेजों मे कूटरचना की गयी तथा सरकारी धन का अनुचित लाभ प्राप्त किया गया। इस सम्बन्ध में पुनीत कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टाण्डा रामपुर की तहरीर के आधार पर उक्त तीनों आफरीन जहाँ, शमा परवीन एंव नाजरीन जहाँ पुत्रीगण अब्दुल नवी निवासीगण मोहल्ला मनिहारन कस्बा व थाना टाण्डा रामपुर के विरूद्ध दिनांक 13 फरवरी 2025 को मुकदमा अपराध संख्या 72/25 धारा 318 (4) वी.एन.एस पंजीकृत होकर विवेचना उप निरीक्षक अफजाल अहमद द्वारा सम्पादित कर धारा 338, 33693), 340(2), 61(2) बीएनएस की वृद्धि करते हुए अन्य सहअभियुक्तगण इरफान पुत्र मौहब्बे अली, मुबारक अली पुत्र असगर अली निवासीगण ग्राम भाऊपुरा थाना टाण्डा, रामपुर के नाम प्रकाश में आये। दस्तावेजी प्रपत्रो आधार कार्ड, राशन कार्ड, हाईस्कूल इण्टरमीडिएट परीक्षा अंक पत्रों व फर्जी माता के नाम सहित गिरफ्तार किया है।

# रुपये के लेनदेन को लेकर हुए झगड़े में आठ पर कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के पर्यवेक्षण में सैफनी थाना पुलिस द्वारा ग्राम सागरपुर में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ झगड़ा करने वाले आशिफ पुत्र यासीन, इसरार पुत्र अबरार हुसैन, जाहिद इदरीशी पुत्र मोहम्मद तहसीन, नसीम अहमद पुत्र यामीन, मुनीर हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन, गुड्डू पुत्र मोहम्मद तसलीम, मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद यामीन समस्त निवासीगण सागरपुर, शाहरुख पुत्र शब्बन उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम रवाना ने पैसे के लेन देन को लेकर झगड़ा करने वालों का चालान के अंतर्गत धारा 170/126/135 बी एन एस एस में गिरफ्तार कर न्यायालय



एसडीएम शाहाबाद कोर्ट में पेश किया गया।

# विधायक ने लगवाई अपनी निधि से मन्दिरों पर हाई मास्ट लाइटें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** स्वार टांडा विधायक शफीक अंसारी ने नगर पंचायत क्षेत्र में कई मन्दिरों पर अपनी निधि से सेमी हाई मास्ट लाइटें लगवाई। नगर के मन्दिरों पर लाइटें लगवाने का प्रस्ताव विधायक प्रतिनिधि दीप गोयल द्वारा विधायक को दिया गया था।

विधायक प्रतिनिधि की मांग पर नगर के शिव मंदिर मसवासी के पास वार्ड नं.9, व शिव मंदिर चाऊपुरा बार्ड नं. 6, शिव मंदिर भूवरा बार्ड नं. 3, में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपनी निधि से हाई मास्ट लाइटें लगवाई हैं।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष पवन



कुमार, अशीष पाल, संजीव कुमार मौर्य, संजीव गुप्ता, राजेश मौर्य, विक्रम सिंह, कुलदीप देओल, गनपद चन्द्रा, महेश भारद्वाज, इश्वरी प्रसाद मौर्य, अमित सक्सेना, रामचन्द्र चन्द्रा, आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर करवाया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** माह शिवरात्रि के उपलक्ष्य में ग्राम लालू नगला में पश्चिम शिव मंदिर में पंडित पवन कुमार शर्मा ने रामायण पाठ और कीर्तन किया। उसके बाद धूमधाम से भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव में भक्तों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर कृष्णपाल सैनी, महिपाल सिंह राजपूत, मनप्रीत सिंह खालसा, राजपाल सैनी, गजेंद्र सैनी, पप्पू, राकेश आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने चलाया विशेष छापामार अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम लगाने और आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-11/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा जनपद में विशेष अभियान चलाया गया।

इस विशेष छापामार अभियान में तहसील बिलासपुर के बाजार कलां, स्थित ए-वन चिकन कार्नर के मुबरिसर अली पुत्र शाहिद अली से बेसन का 01 नमूना लिया गया।

इस दौरान मोहल्ला जियारत शिरी मियां स्थित रईस दुल्ला पुत्र नवाब



दुल्ला की कुरैशी मीट शॉप, मोहल्ला साहूकारा स्थित इरफान पुत्र इस्लाम की राशिद मीट शॉप और मोहल्ला जियारत शिरी मियां स्थित शहजाद पुत्र मिरशाद, अमान पुत्र लाईक, अब्दुल गफ्फार पुत्र नजमू, बिलाल पुत्र इलियास की मीट शॉप का निरीक्षण किया गया और मौके पर पायी गयी कमियों में सुधार हेतु इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया।

संग्रहीत किये गये बेसन के नमूनें को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वादद योजित किया जायेगा।

सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला उपस्थित रहे।


# खोदकला में नहीं पहुंची जांच टीम

## ग्रामीणों को बिना बयान दर्ज किए होना पड़ा वापस, ग्रामीणों में आक्रोश

■ सोलर लाइट की खरीद और खेल के मैदान में गड़बड़ झाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** खोदकला ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की शिकायत पर फिर जांच टीम। अब एक मार्च को गांव पहुंचेगी और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए जाएंगे। गुरुवार को भी जांच के लिए टीम पहुंचनी थी लेकिन प्रधान के खिलाफ जांच टीम नहीं पहुंच सकी। जिससे तमाम शिकायत कर्ताओं को वापस होना पड़ा। खोदकला ग्राम पंचायत में सोलर लाइट की खरीद और खेल के मैदान



पर खर्च ब्यूरा को लेकर गांव में बवाल मचा हुआ है कई लोगों ने जिलाधिकारी समेत आला अधिकारियों को शपथ पत्र देकर शिकायत की गई थी की ग्राम प्रधान ने विकास कार्यों में धांधली की है इसको लेकर 17 फरवरी को जांच टीम गांव पहुंची थी लेकिन ग्राम पंचायत सचिव पर रिकॉर्ड उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर 27 फरवरी को गांव में फिर से जांच करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था। लेकिन जांच टीम गुरुवार को भी गांव नहीं पहुंच सकी जिससे तमाम ग्रामीणों को बिना बयान दर्ज किये ही पंचायत घर से वापस होना पड़ा। अब 1 मार्च को जांच टीम गांव पहुंचकर ग्रामीणों के बयान दर्ज करेगी और लेखा-जोखा ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत करेगी। शिकायतकर्ता फैज मियां अदनान मियां और हर नारायण मौर्य का कहना है की ग्राम पंचायत अधिकारी अभिलेख उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं और ग्रामीणों को बुलाकर बार-बार परेशान कर रहे हैं।

# फेक फेसबुक आईडी बनाकर कर रहा रूपये की डिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम चौहद्दा निवासी संदीप सिंह ने पुलिस चौकी इंचार्ज मसवासी को लिखित तहरीर देकर कहा है कि उसके फेसबुक अकाउंट पर किसी ने उसका फोटो लगाकर फर्जी आईडी बना ली है और लोगों को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है जिससे ग्रामीण को परेशान होना पड़ रहा है ग्रामीण की किसी व्यक्ति के द्वारा फेसबुक पर फोटो लगाकर C8RT नाम से अकाउंट बनाया है। जिससे ग्रामीण के नाम से लोगों को मेसेंजर द्वारा मैसेज भेज कर रूपयो की डिमांड की जा रही है एवं उल्टी सीधी बातें कर रहा है प्रार्थी की स्वच्छ एवं सम्मानित छवि को भी धूमिल कर रहा है ग्रामीण ने पुलिस से उक्त व्यक्ति के खिलाफ जाच करकड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बिजली विभाग की टीम ने की छापामार कार्रवाई

## मसवासी कई अस्पतालों में अवैध रूप उपयोग की जा रही थी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** बिजली विभाग की टीम ने नगर में कई स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की जिसमे कई निजी अस्पतालों में बिजली चोरी पकड़ी गई जिससे लोगों में हड़कंप मचा रहा लेकिन अभी तक बिजली विभाग की ओर से किसी के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

गुरुवार को अवर अभियंता सत्येंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बिजली टीम ने मसवासी कस्बे के कई मोहल्ले में छापे मार कार्रवाई की इस दौरान कई स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई कई अस्पताल बिना कनेक्शन के ही बिजली चोरी से चलाए जा रहे थे बिजली टीम ने केवल काटकर अपने साथ ले गई। छापेमार कार्रवाई से बिजली चोरी




मसवासी। अस्पताल में बिजली की जांच करते बिजली कर्मी।

करने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा। लेकिन बिजली चोरी के मामले में विभागीय कर्मचारियों ने किसी के भी खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। अवर अभियंता सत्येंद्र कुमार ने बताया की अभी जांच की जा रही है बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। टीम में उमेश कुमार, अनिल कुमार, हरकेश कुमार, हेमंत कुमार, आदि शामिल रहे।

# करीमपुर और चौहद्दा में तेंदुए की दहशत बरकरार

## एक सप्ताह बाद भी वन विभाग के पिंजरे में नहीं हो सका कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** जवाहर गंज टंडोला कोसी नदी क्षेत्र में वन विभाग को तेंदुआ पकड़ने के लिए दूसरे दिन भी कोई सफलता नहीं मिल सकी है। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है और किसान खेतों पर जाने से कतराने लगे हैं उधर करीमपुर के जंगल में भी पिंजरा लगा हुआ है लेकिन तेंदुआ पिंजरे से नदारद है।

बुधवार की तड़के जवाहर गंज टंडोला के कोसी नदी क्षेत्र में गन्ने के खेत पर अनीस अहमद के पालतू कुत्ते का तेंदुए ने शिकार कर लिया था जिससे आसपास के खेतों में



काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया था और इस मामले की सूचना तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को दी गई थी।

वन विभाग के दरोगा शील कुमार ने आसपास के किसानों को इकट्ठा करके कुत्ते का रक्त और कुछ अवशेष देखे थे। कुत्ते का शिकार होने के बाद आसपास गन्ने के खेतों में छीलाई कर रहे मजदूर भी भाग गए थे।

करीमपुर से लेकर चौहद्दे तक तेंदुए का आतंक बना हुआ है वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए करीमपुर के पूर्व प्रधान हरमेल सिंह उर्फ वीर भाई के क्रेशर के आसपास पिंजरा लगा रखा है लेकिन एक सप्ताह बाद भी तेंदुआ पिंजरे में कैद नहीं हो सका है जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है महिलाओं और बच्चों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया है। उधर वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने बताया कि तेंदुआ पकड़ने के लिए उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

# शहर विधायक ने किया भोले बाबा की बारात का शुभारंभ

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**रामपुर।** रस्तोगी धर्मसभा रामपुर के द्वारा भोले बाबा की बारात का शुभारंभ नगर विधायक आकाश सक्सेना जी के द्वारा किया गया। भोले बाबा की बारात मोहल्ला कैथवाली मस्जिद, बड़ा सनातन, मयूर मसाला उद्योग, घेर उस्मान खान, बैजनाथ गली, छोटा सनातन, चाह इच्छाराम होते हुए रस्तोगी धर्मसभा, कैथवाली मस्जिद पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में दिलीप रस्तोगी, दिनेश कुमार रस्तोगी, छोटे लाल रस्तोगी, उमेश रस्तोगी, सुनील रस्तोगी, मुकेश रस्तोगी, संजय रस्तोगी, अंकित रस्तौगी, नकुल रस्तोगी, प्रदीप अग्रवाल, पंडित अशोक मिश्रा, अमित रस्तोगी, निशांत रस्तोगी, शोभित रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# सतपाल महाराज का रामपुर में एक दिवसीय सद्भावना सम्मेलन

## दो मार्च को होगा रामपुर के ग्लोबल हाल मोदी हॉटल में आयोजित एक दिवसीय सद्भावना सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** डॉ.चन्द्रप्रकाश शर्मा मीडिया प्रभारी, सद्भावना सम्मेलन मानव उत्थान सेवा समिति शाखा रामपुर नें मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि समिति के तत्वाधान में दिनांक 2 मार्च 2025 को प्रात: 11:00 बजे ग्लोबल हाल, मोदी फैक्ट्री परिसर, मोदीपुर बरेली रोड रामपुर में एक दिवसीय सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सतपाल महाराज के सद्भावना एवं ज्ञान विज्ञान से मार्मिक उद्बोधन होंगे। ज्ञातव्य है कि सतपाल महाराज सुविख्यात आध्यात्मिक तत्त्ववेत्ता गुरु, सुप्रसिद्ध समाज सेवी संत एवं



उत्तराखंड सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री भी हैं। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी अमृता रावत भी इस सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए पधार रही हैं जो उत्तराखंड में कई बार कैबिनेट मंत्री भी रही हैं। सतपाल महाराज अखिल भारतीय पंजीकृत आध्यात्मिक एवं समाजसे.वी संस्था मानव स्थान सेवा समिति के मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत हैं। समिति द्वारा शिवापुरम, सिविल लाइन, रामपुर में मानव धर्म मंदिर नामक आश्रम का नव निर्माण किया गया है जिसका लोकार्पण सतपाल महाराज के कर कमलों द्वारा संपन्न होगा। आश्रम के लोकार्पण के उपलक्ष में स्थानीय श्रद्धालु भक्तों एवं अनुयायियों की प्रार्थना पर दिनांक 2 मार्च को एक दिवसीय सद्भावना सम्मेलन का आयोजन ग्लोबल हाल, मोदी फैक्ट्री परिसर, रामपुर में किया जा रहा है जिसको सतपाल महाराज एवं माता अमृता संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में महाराज एवं माताजी के सत्संग प्रवचन एवं दर्शनों का लाभ प्राप्त करने हेतु भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त एवं अनुयायी सम्मिलित होने के लिए पधार रहे हैं।

# सीएचसी पर ब्लड बैंक का औषधि निरीक्षक ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित ब्लड बैंक का निरीक्षण औषधि निरीक्षक रामपुर ने किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए आज मिलक में साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बनाई गई जिले की दूसरी ब्लड बैंक का निरीक्षण औषधि निरीक्षक मुकेश शाह द्वारा किया गया।

जहां पर विभिन्न रजिस्टर चेक किए गए और आवश्यक दिशा निर्देश उनके द्वारा स्टाफ को दिए गए यहां की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर बासित अली द्वारा अवगत करवाया गया है जिला रामपुर में यह दूसरा ब्लड बैंक है जो जनता को सी एच सी मिलक में ब्लड बैंक के द्वारा ब्लड उपलब्ध करवाया जा रहा है यहां पर कई मरीजों को ब्लड की सुविधा उपलब्ध करवा भी चुके हैं साथ ही औषधि निरीक्षक मुकेश शाह के द्वारा इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां पर उपस्थित समस्त स्टाफ के साथ- साथ रामपुर जिले के जिलाध्यक्ष विनोद प्रकाश सक्सेना ऑल इंडिया एंटी करप्शन उपस्थित रहे।



# पैदल मार्च के दौरान बच्चे ने पुलिस को किया सैल्यूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** गुरुवार को आगामी त्योहारों शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाल पंकज पंत ने अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों क्राइम इंस्पेक्टर संजय सिंह, उप निरीक्षक राजकुमार, उप निरीक्षक विष्णु कुमार, मचल सिंह, व कांस्टेबल के साथ नगर के मोहल्ला हकिमान, जिलेदारान, अफगानांन सहित रामपुर चौराहा होते हुए ब्लॉक अस्पताल चंदौसी चौराहा बिलारी चौराहा व मार्केट मैंन मार्केट में पैदल मार्च किया इस दौरान रास्ते में मिले एक बच्चे ने पुलिस को देखकर सेल्यूट किया बच्चे के सलूट करने पर



पुलिसकर्मी प्रभावित हुए और उससे बात कर पूछा कि स्कूल जाते हो तो बच्चे ने कहा जी स्कूल जाता हूं पढ़ लिखकर क्या बनना चाहते हो तो उसने कहा आपकी तरह पुलिस बनना चाहता हूं।



हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया

## सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगा अफगानिस्तान

### चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबला आज, ऑस्ट्रेलिया की साख होगी दांव पर

**लाहौर, वार्ता।** इंग्लैंड पर शानदार जीत से उत्साहित अफगानिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबले में शुक्रवार को जीत के इरादे से उतरेगा, वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच पर उसकी साख दाव पर होगी। गद्दाफी स्टेडियम में कल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के 10वें मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने पर अपनी लय को जारी रखना चाहेगा। यह मुकाबला रोमांच होने वाला है अगर अफगानिस्तान इस मुकाबले को जीत लेता है वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो जायेगी। ग्रुप बी की मौजूदा स्थिति को देखा जाये तो दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान ने एक-एक मैच में जीत दर्ज की हैं।

वहीं अफगानिस्तान को दो मैचों में एक में हार का सामना भी करना पड़ा है। हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच में उमरजई की ऑलराउंड प्रतिभा और जादरान की 146 गेंदों पर 177 रनों की पारी ने अफगानिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिससे टीम को इस अहम मुकाबले से पहले नया आत्मविश्वास मिला। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम जोश इंग्लिस की इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में सिर्फ 86 गेंदों पर नाबाद 120 रनों की पारी से प्रेरणा लेगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज की जवाबी पारी ने अकेले दम पर खेल का रुख बदलने की उनकी क्षमता को दर्शाया। जिसने उन्हें प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में उबरे हैं। संतुलित अफगानिस्तान एक बार फिर लाहौर की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए राशिद खान, मोहम्मद नबी और नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी पर निर्भर करेगा। विश्व स्तरीय लेग स्पिनर राशिद विपक्षी लाइनअप को ध्वस्त करने की अपनी





क्षमता के साथ गेम-चेंजर बने हुए हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई खेमे के एक गतिशील ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और ऑफ-स्पिन के साथ मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं, जिससे वह इस करो या मरो वाले मुकाबले में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन सकते हैं। ट्रैविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी अफगानिस्तान के लिए एक बड़ा खतरा है। अफगानिस्तान का शीर्ष क्रम जदरान की निरंतरता पर निर्भर करेगा, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पारी की शुरुआत की, जबकि उमरजई की दोनों विभागों में योगदान देने की क्षमता से टीम को बल मिलता है। स्टीवन स्मिथ की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम पर इस मुकाबले को लेकर दबाव है।

उसे पता है कि हार से चैंपियंस ट्रॉफी में उसका अभियान समाप्त हो जाएगा। हेड और मैथ्यू शॉर्ट की मौजूदगी में शीर्ष पर, उसके बाद स्मिथ और मार्नस लैबुशेन की मौजूदगी में मध्यक्रम में स्थिरता बनी हुई है, जिससे उनकी बल्लेबाजी एक महत्वपूर्ण ताकत बनी हुई है। गेंदबाजी विभाग में, एडम जम्पा की स्पिन और नाथन एलिस की गति अफगानिस्तान की आक्रामक बल्लेबाजी इकाई का मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। गद्दाफी स्टेडियम की पिच से शुरुआत में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, और मैच आगे बढ़ने के साथ ही स्पिनरों की भूमिका भी बढ़ जाएगी।



## बारिश के चलते पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश का मैच रद्द

**रावलपिडी, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को होने वाले मैच को रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया हैं। मैच रेफरी ने मैदान का निरीक्षण किया और बारिश को देखते हुए इस मैच को रद्द करने का फैसला लिया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। दोनों टीमें पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकी और यह दोनों का आखिरी ग्रुप मुकाबला था। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हुआ और बिना एक भी गेंद फेंके मैच को रद्द कर दिया गया। बांग्लादेश तीन मैचों में दो हार और एक रद्द मैच के साथ एक अंक और माइनस 0-44 नेट रन रेट लेकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं मेजबान पाकिस्तान माइनस 1-09 नेट रन रेट के साथ ग्रुप अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही।



खेल विशेष

## गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का किया फैसला

GUJARAT GIANTS

**बेंगलुरु, वार्ता।** गुजराज जायंट्स ने गुरुवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के 12वें मैच में टॉस जीतकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां गुजरात जायंट्स की कप्तान ऐश्ली गार्डनर ने टॉस जीतकर कहा कि हम पहले गेंदबाजी करेंगे। लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उम्मीद है कि हम शुरुआती विकेट लेने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है हेमा को एकादश में शामलि किया गया हैं। वहीं रॉयल चैलेंजर्स की कप्तान स्मृति मांधना कि हम भी लक्ष्य का पीछा करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है प्रेमा को एकादश में जगह दी गया है।

## आदित्य सरवटे ने केरल की लड़खड़ी पारी को संभाला

**नागपुर, वार्ता।** आदित्य सरवटे (नाबाद 66) की जूझारू पारी ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले के दूसरे दिन केरल की लड़खड़ी पारी को संभाला। इससे पहले एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम (3-3 विकेट) और एनपी बासिल (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने मैच में वापसी करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 379 के स्कोर पर रोक दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी केरल की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए।

## दीपक-रणविजय ने किया विश्वस्तरीय निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन

**निशानेबाजी सुविधा छात्रों को सर्वोत्तम प्रशिक्षण करने के साथ-साथ अगली पीढ़ी के चैंपियंस को प्ररित भी करेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय शूटर दीपक कुमार और टीवी कलाकार रणविजय सिघा ने गुरुवार को वसंत कुंज के जीडी गोयनका स्कूल में एक अत्याधु. निक निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन किया। यह शूटिग रेंज एक प्रभावशाली, ओलंपिक आकार की 10-मीटर सुविधा है, जिसमें आधुनिक एयर राइफल और एयर पिस्टल के साथ-साथ एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक टारगेट स्कोरिग प्रणाली है।

इस अवसर पर रणविजय सिघा ने कहा कि मैं इस निशानेबाजी सुविधा को देखकर और यहां हुए कुछ खेलों को फिर से देखकर बहुत उत्साहित हूं। अगर युवा बच्चों को स्कूल में ऐसी सुविधा और समर्थन मिलेगा तो खिलाड़ी और एथलीट देश के लिए अनगिनत पदक जीतने से नहीं रुकेंगे। अधिकारी, एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज दीपक कुमार ने कहा कि निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन एक शुभ कदम है। एक एथलीट में हमारे राष्ट्रीय ध्वज को पूरी दुनिया के सामने ऊंचा करने की क्षमता होती है।

### उत्तर प्रदेश अपर ने जीता कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश अपर ने चंडीगढ़ चैंपियन को 25 रन से हरा कर कामाख्या क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम कर लिया है।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अंडमान निकोबार के तत्वाधान में चैंपियंस स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट द्वारा नोएडा इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गये मैच में यूपी अपर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 159 रन बनाए जिसमें हाफिज मोहम्मद फैज ने सर्वाधिक 72 रन का योगदान दिया।

● चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर पाक में हंगामा

## पीएम शहबाज शरीफ संसद में उठाएंगे मुद्दा

**रावलपिंडी, वार्ता।** मेजबान पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से एक भी मैच जीते बिना बाहर हो गया है। टीम के खराब प्रदर्शन से पाकिस्तान में बवाल मचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस मामले की कैबिनेट और संसद में चर्चा करेंगे। पीएम के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राना सनाउल्लाह ने जियो टीवी के कार्यक्रम जियो पाकिस्तान में यह जानकारी दी। चैनल ने दावा किया है कि यह मामला संसद में उठाया जाएगा।

पाकिस्तान को 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली। इससे पहले 1996 में भारत के साथ मिलकर पाकिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी। पीएम एडवाइजर राणा सनाउल्लाह ने कहा कि इस टूर्नामेंट के लिए हमने 12 से 14 अरब रुपए खर्च किए, लेकिन टीम हार गई। मुझे इस बात का बहुत अफसोस हुआ। दुनिया क्रिकेट खेलेगी और हम तमाशाई बन गए हैं। जितनी तवज्जो स्टेडियम को दी गई। उतनी ही टीम को देनी चाहिए थी। इससे पूरा पाकिस्तान मायूस है। पाक क्रिकेट बोर्ड एक स्वतंत्र ऑर्गेनाइजेशन है। इसमें बेपनाह पैसा है, यहां पर अधिकारी पैसे के लिए टिके हुए हैं। लोग डेपुटेशन पर अपनी डयूटी लगवाते हैं, जिससे एक सिस्टम बन गया है। मेरा मानना है कि च्ब्ठ को सरकार नियंत्रित करे। सिर्फ एक अंक मिला पाक की टीम इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी है। ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल में टीम के पास महज एक अंक है। बांग्लादेश को भी एक अंक मिला है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें 4-4 अंक लेकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर पाक की टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई है। इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप में भी पाक टीम टॉप-4 में नहीं पहुंच सकी थी। टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद भी पाक क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकबी को फटकारा गया था। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद कप्तान, कोच और पीसीबी चीफ को हटाया गया था। टी-20 वर्ल्ड कप रू 4 में से 2 मैच जीत सकी टीम पाक की टीम वेस्टइंडीज और अमे. रिका में आयोजित टी-20 टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई थी। टीम ने 4 में से 2 मैच ही जीत सकी। टीम सुपर-8 राउंड में भी जगह नहीं बना सकी थी। तब बाबर ने कप्तानी छोड़ दी थी। कोच गैरी कर्स्टन और जेसन को हटाया गया था। वनडे वर्ल्ड कप में पहले राउंड से बाहर भारत की मेजबानी में आयोजित 2023 वनडे वर्ल्ड कप में पाक पहले राउंड से बाहर हो गई थी।

## पैट कमिंस डब्ल्यूटीसी के लिए तैयार



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिस को उम्मीद है कि आगामी आईपीएल सीज़न और जून में दक्षिण अफीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए वह तैयार हो सकेंगे। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान टखने की चोट के कारण कमिस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से चूक गए थे। हालांकि अगले कुछ महीनों के दौरान व्यस्त सीज़न में वह अपनी फिटनेस को लेकर आशावादी हैं। कमिस ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया कि टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे अच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर धीरे-धीरे मजबूत हो रहा हूं, जो आपको बहुत अधिक क्रिकेट खेलने पर नहीं मिलता है। यह कुछ समय के लिए उतना ही मजबूत महसूस हो रहा है। आईपीएल के लिए ठीक होना चाहिए, यही योजना है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने बताया कि उनके टखने को समय के साथ सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता थी और मेलबर्न में

**टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे उच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर से मजबूत हो रहा हूं**

बॉक्सिग डे टेस्ट के दौरान यह एक बड़ा मुद्दा बन गया। कमिस ने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने कभी भी सर्जरी नहीं करने का विकल्प चुना है, बस पुनर्वास के लिए बहुत कुछ करना होगा। इस ब्रेक का मतलब है कि मैं कुछ कॉर्टिसोन प्राप्त कर सकता हूं और वास्तव में पिछले कुछ हफ्तों में इसका अच्छी तरह से पुनर्वास कर सकता हूं। भविष्य को देखते हुए, कमिस को उम्मीद है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में पूर्ण भूमिका निभाने से पहले आईपीएल के दौरान उनका कार्यभार लगातार बढ़ेगा। उन्होंने व्यस्त कार्यक्रम में रणनीतिक आराम के महत्व को स्वीकार किया। उन्होने कहा कि कभी-कभी अजीब दौरे को मिस करने से आप वास्तव में पूरे साल अधिक क्रिकेट खेलते हैं।

● आईपीएल-2025 ●

## पीटरसन को डीसी ने बनाया मेंटॉर



**2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा रहे फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी कर चुके**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व इंग्लिश कप्तान केविन पीटरसन को आईपीएल 2025 के लिए अपना मेंटॉर बनाया है। वे पहली बार कोचिंग रोल में होंगे। 44 साल के पीटरसन का यह कोचिंग रोल में पहला कार्यकाल है। वे 2009 से 2014 तक बतौर खिलाड़ी भारतीय लीग का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 17 आईपीएल मैचों में कप्तानी भी की है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को इस पोस्ट के जरिए पीटरसन को मेंटॉर बनाने का ऐलान किया। फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया फ्रेंचाइजी ने 3 महीने पहले अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया था। तब हेड कोच रिकी पोंटिंग पंजाब किंग्स के साथ जुड़ गए थे। पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल को गेंदबाजी कोच बनाया गया, जबकि हेमंग बदानी टीम के हेड कोच और वेणुगा. पाल राव क्रिकेट के डायरेक्टर बने। 2021 के बाद से प्लेऑफ में नहीं पहुंची दिल्ली दिल्ली कैपिटल्स की टीम 2021 के बाद से आईपीएल के प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी है। तब टीम ऋषभ पंत की कप्तानी में कोल. काता से क्वालिफायर-2 हारकर बाहर हो गई थी।

## रामकुमार-मायनेनी ने शानदार जीत के साथ की शुरुआत

● रामकुमार और मायनेनी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे गेम में विरोधियों की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली

**बेंगलुरु, वार्ता।** गत चैंपियन रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने केएसएलटीए कोर्ट में इटली के जैकोपो बेरेटिनी और एनरिको डल्ला वैले पर सीधे सेटों में जीत के साथ अपने 2025 दाफान्यूज बेंगलुरु ओपन अभियान की शुरुआत की। टूर्नामेंट के इतिहास में तीन खिताबों के साथ सबसे सफल भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में आगे बढ़ने के लिए एक घंटे और 14 मिनट में 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल की। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) द्वारा आयोजित दो लाख अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाला बेंगलुरु ओपन वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा एटीपी टूर इवेंट है, जिसमें चैंपियन 125 एटीपी रैंकिग अंक अर्जित करने के लिए तैयार है। रामकुमार और माइनेनी ने मजबूत शुरुआत की और चौथे गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। उन्होंने शुरुआती सेट 30 मिनट से कम समय में ख्+त्म कर दिया, लेकिन दूसरे सेट में कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, छठे गेम में बेरेटिनी और डल्ला वैले ने वापसी की। हालाँकि, घरेलू प्रबल दावेदारों ने तुरंत वापसी की और टाईब्रेकर में 6-3, 7-6(4) से जीत हासिल कर ली। भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला हाइनेक बार्टन और एरिक वैनशेलबोइम से होगा, जिन्होंने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जोहान्स इंगिल्डसन और इवान लिउटारेविच को 6-3, 1-6, 13-11 से हराया। अन्य युगल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त अनिरुद्ध चन्द्रशेखर और रे हो ने साई कार्तिक रेढी गंता और खुमोयुन सुल्तानोव पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की। भारतीय-ताइवानी जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक सेट के नौवें गेम में सर्विस तोड़कर एक घंटे 13 मिनट में जीत हासिल कर ली। इस बीच, वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले आदिल कल्याणपुर और करण सिंह ने शानदार वापसी करते हुए साथी भारतीयों नितिन कुमार सिन्हा और मनीष सुरेशकुमार को रोमांचक तीन-सेटर में हरा दिया। पहला सेट 1-6 से हारने के बाद, आदिल और करण ने दूसरे सेट में 6-2 से जीत हासिल की और मैच टाईब्रेकर में 10-4 से हावी हो गए।



## एमडी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने विदर्भ को रोका

**नागपुर, वार्ता।** एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम (तीन-तीन विकेट) और एनपी बासिल (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत केरल ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरुवार को एक बार फिर से मैच में वापसी करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 379 के स्कोर पर रोक दिया। विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 254 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 290 के स्कोर पर एनपी बासिल ने कल के शतकवीर दानिश मालेवार को बोल्ड कर केरल को बड़ी सफलता दिलाई। दानिश मालेवार ने 285 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (158) रनों की पारी खेली। विदर्भ के स्कोर में पांच और रन जुड़ने के बाद ही बासिल ने यश ठाकुर (25) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आये कप्तान अक्षय वड़कर भी पिच पर अधिक देर तक नहीं टिक सके। ईडन ऐपल टॉम ने पहले यश राठौड़ (तीन) को आउट किया। अक्षय कारनेवार (12) और नचिकेत भूटे (32) रन बनाकर आउट हुए। अक्षय वड़कर (23) ईडन ऐपल टॉम ने आउट किया। केरल के गेंदबाजी आक्रमण के आगे विदर्भ की टीम ने आज 125 रन और जोड़कर अपने छह विकेट गवां दिए। विदर्भ ने 123-1 ओवर में 379 का स्कोर बनाया। केरल की ओर से एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने तीन-तीन और एनपी बासिल ने दो विकेट विकेट लिए।

# फिर नाम बदलो राजनीति

दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही शहरों के नाम बदलने की राजनीति शुरू हो गई है। यानि एक बार फिर से इतिहास को बदलने की राजनीति हो रही है। बीजेपी के शासन वाले राज्यों में पहले भी कई स्थानों के नाम बदल दिए गए, अब दिल्ली के नजफगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। मुगलों के दौर में दिल्ली देहात के इस इलाके को नाहरगढ़ के नाम से जाना जाता था। कई बार इसका नाम बदलने की कोशिश की गई, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया, क्योंकि दिल्ली में 10 साल से आप की सरकार थी। अब बीजेपी को मौका मिल गया और उसने एक बार फिर इतिहास को बदलने की नीति चली है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि नजफगढ़ का नाम बदलने से इलाके की पहचान में दिक्कत होगी,इसलिए नजफगढ़ का नाम नहीं बदला जाना चाहिए।जगहों के नाम बदलने से लोगों की समस्याएं खत्म नहीं होती। अगर सरकार कुछ करना ही चाहती है, तो वह पहले देश की जनता की समस्याओं को हल करे। क्योंकि नाम बदलने से लोगों के दिमाग में जो कुछ बीजेपी के खिलाफ है, वह नहीं बदल सकता। नजफगढ़ को यह नाम मिला मिर्जा नजफ खान से। नजफ खान मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय का कमांडर-इन-चीफ रहा है। नजफ खान ने 18वीं शताब्दी में सैन्य चौकी की स्थापना की, बाद यहां से ब्रिटिश, मराठा और सिखों के खिलाफ अभियान चलाए गए। दिल्ली के बॉर्डर पर मौजूद नजफगढ़ को मुगलों के केंद्र दिल्ली को सुरक्षित रखने की रणनीति को ध्यान में केंद्र बनाया गया, ताकि बाहरी दुश्मनों को यहीं पर रोका जा सके। बीजेपी की नाम बदलो राजनीति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्र की मोदी सरकार ने देशभर में एक साल में 25 शहरों-गांवों के नाम बदलने को मंजूरी दी है। ऐसे कई प्रस्ताव भी सरकार के पास लंबित हैं। इनमें पश्चिम बंगाल का नाम बदलने का प्रस्ताव भी है। पश्चिम बंगाल का नाम 'बांग्ला' करने का प्रस्ताव केंद्र के पास है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में राजमुंदरी का नाम राजा महेंद्र वर्मन, आउटर व्हीलर आईलैंड का नाम एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, केरल के मलाप्पुरा जिले में अरिकोड को अरीकोड, हरियाणा में जींद जिले के पिंडारी को पांडु पिंडारा, रोहतक जिले में सांपला का नाम चौधरी सर छोटूराम नगर, नगालैंड के खिफिरे जिले में सनफुर का नाम सामफुरे करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा महाराष्ट्र में सांगली जिले में लंगडेवाडी का नाम नरसिंहगांव करने के प्रस्ताव शामिल हैं। ये अलग बात है कि सरकारी कागजों में लिखे नाम से उस शहर के बाशिंदों को खास फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन इस नाम परिवर्तन का खर्च जरूर उनकी जेब से जाता है। यह खर्च भी कम नहीं है। औसतन एक शहर का नाम बदलने में 300 करोड़ रुपये तक खर्च होते हैं, यदि शहर बड़ा हो तो ये राशि 1000 करोड़ तक भी पहुंच सकती है। आजादी के बाद से ज्यादातर नाम परिवर्तन अंग्रेजों की गलतियों की वजह से किए गए। त्रिवेंद्रम को तिरुअनंतपुरम या कोचीन को कोच्चि सिर्फ अंग्रेजों की स्पेलिंग में सुधार के लिए किए गए। आजादी के बाद से अब तक 21 राज्यों ने कुल 244 जगहों के नाम बदले हैं।

## सौ करोड़ भारतीयों की कोई अतिरिक्त आय नहीं



प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत दृष्टिकोण आम लोगों की जेबें खाली कर रहा है और चुनिंदा अरबपतियों की तिजोरियां भर रहा है, भारत एक वैश्विक कर युद्ध और व्यापार बाधाओं का सामना कर रहा है, सौ करोड़ भारतीयों के पास कोई अतिरिक्त आय नहीं है, केंद्रीय बजट में की गई घोषणाएं निराशाजनक साबित हुई हैं, हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 60 फीसदी उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत के केवल 10 फीसदी लोग आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं और 90 फीसदी लोग बुनियादी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, भारत की 50 फीसदी मध्य वर्गीय करदाताओं ने पिछले दशक में वेतन में वृद्धि नहीं देखी है। ग्रामीण मजदूरी नकारात्मक वृद्धि का सामना कर रहा है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# केजरीवाल अब राज्यसभा में दहाड़ेंगे



प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

सियासी उड़ान में भी अनगिनत ख्वाहिशें होती हैं। एक सपना टूटा तो दूसरे ड्रीम का ताना-बाना तैयार हो जाता है। आप के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल दिल्ली चुनाव में परास्त होने के बाद अब पंजाब से राज्यसभा पहुंचेंगे। इसके लिए शतरंज की गोटियां बिछने लगी हैं। आप के राज्यसभा मेंबर एंव पंजाब के उद्योगपति संजीव अरोड़ा को पार्टी ने पंजाब विधानसभा की रिक्त लुधियाना वेस्ट सीट से लड़ाने का अहम फैसला लिया है। इस आशय का ऐलान भी आप की ओर से 26 फरवरी को कर दिया गया है।

हालांकि अरोड़ा का राज्यसभा में कार्यकाल 2028 तक है। स्वाभाविक है, अरोड़ा के इस्तीफे से यह सीट खाली हो जाएगी। आप की रणनीति है, वह अपने सीनियर लीडर केजरीवाल की बड़ी आसानी से राज्यसभा में ताजपोशी करा देगी। इससे साफ है, अरविंद केजरीवाल अब केंद्र की पॉलिटिक्स करेंगे। उल्लेखनीय है, विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी के निधन के बाद लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव होना है। गोगी का 11 जनवरी, 2025 को अपने घर पर रिवॉल्वर साफ करते हुए गोली लगने से देहावसान हो गया था। हालांकि अभी चुनाव आयोग की तरफ से उपचुनाव की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं, बिहार विधानसभा चुनाव के साथ यहां भी वोटिंग हो सकती है। बिहार में नवम्बर में इलेक्शन डडू है। यूं तो केजरीवाल ने 2014 में भी लोकसभा में दस्तक देने का ख्वाब संजोया था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सबसे कद्दावर नेता एवं पीएम पद के घोषित प्रत्याशी नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी में ताल ठोकी थी। हालांकि लोकसभा के इस आम चुनाव का नतीजा अरविंद केजरीवाल समेत अमूमन सभी सियासीदां पहले से ही जानते थे।

### राजनीतिक पंडितों ने जैसा सोचा था, वाराणसी का परिणाम वैसा ही आया...

राजनीतिक पडितों ने जो सोचा था वही हुआ। केजरीवाल 3.71 लाख मतों के अंतर से हार गए, बाकी कांग्रेस और बसपा उम्मीदवारों की तो जमानत जब्त हो गई थी। केंद्र शासित दिल्ली में केजरीवाल की 10 बरस की सरकार को सत्ता का नशा, मंत्रिमंडल का कदाचार, बड़बोलापन, अपरिपक्व सियासत, सरकारी आवास को शीशमहल बनाने के संग-संग अंततः नई शराब नीति ले डूबी।

### आप के तीन बड़े चेहरे...

अरविंद केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन की नाव चुनावी सुनामी में डूबने के बाद पार्टी कोमा से बाहर निकलने को छटपटा रही है। वैसे तो पंजाब में सत्तारुढ़ होने के बाद आप को नेशनल पार्टी का दर्जा मिल गया है, लेकिन दिल्ली में सत्ता से बेदखली के बाद केवल पंजाब पर ही पार्टी की नैया पार कराने की आस टिकी है। फिलहाल दिल्ली आतिशी मार्लेना के हवाले है। वह लीडर ऑफ ऑपोजिशन हैं। पंजाब की बागडोर भगवंत मान संभाले हुए हैं।

जंगपुरा से हार के बाद सिसोदिया पर पंजाब सरकार के सुपरविजन का जिम्मा है। भविष्य में पंजाब की राजनीति भी किस करवट बैठेगी, कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इससे पूर्व यह दायित्व राघव चड्ढा निभा रहे थे। चड्ढा के राज्यसभा में जाने के बाद पंजाब का यह उत्तरदायित्व खाली चल रहा है।

### भविष्य में पंजाब की राजनीति भी किस करवट बैठेगी

आने वाले समय में पंजाब की राजनीति किस करवट बैठेगी इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। फिलहाल तो पार्टी के आला लीडर्स ने यह कहकर सबके मुंह बंद कर दिए हैं, सिसोदिया और पंजाब के सीएम के बीच जबर्दस्त बॉन्डिंग है। पंजाब में बंपर जीत के बाद अप्रैल,2022 में आप के पांच उम्मीदवार राज्यसभा के लिए चुने गए थे। इनमें एलपीयू के चांसलर अशोक कुमार मित्तल, दिग्गज उद्योगपति संजीव अरोड़ा, प्रख्यात क्रिकेटर हरभजन सिंह, सीए राघव चड्ढा, देश- विदेश में शिक्षाविद रहे डॉ. संदीप पाठक शामिल हैं। इन सभी का कार्यकाल 2028 तक है। सूत्र यह बताते हैं, इनमें से पार्टी के लिए सॉफ्ट टारगेट संजीव अरोड़ा रहे हैं। पंजाब के सियासी गलियारों में यह भी चर्चा आम है, संजीव अरोड़ा बाई इलेक्शन जीतते हैं तो उन्हें बतौर उपहार कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा, लेकिन देश- विदेश तक फैले कारोबार में अति व्यस्त अरोड़ा को यह नज़राना सहज स्वीकार होगा, फ़ौरीतौर पर यकीन नहीं होता है। दूसरी ओर अपने पति के इंतकाल के बाद गुरप्रीत सिंह गोगी की पत्नी सुखचौन गोगी चुनाव लड़ने का स्वप्न देख रही हैं। यदि उन्होंने बागी तेवर अपनाए तो क्या होगा?

उल्लेखनीय है, संजीव अरोड़ा से पूर्व आप अपनी राज्यसभा मेंबर एवं दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती स्वाति मालीवाल से भी इतीफा चाहती थी, लेकिन पार्टी साम, दाम, दंड, भेद की नीति के बावजूद विफल रही थी, बल्कि केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर दबंगई के आरोप लगे थे। आरोपी को जेल तक जाना पड़ा था। यह बात दीगर है, केजरीवाल के खासमखास समझे जाने वाले विभव कुमार अब पंजाब सरकार के लिए काम कर रहे हैं। सियासत हो या उद्योग या कोई भी दीगर फील्ड, हर सेक्टर में अंततः चाह तो ऊंची उड़ान की ही होती है। यदि केजरीवाल खुद या उनकी पार्टी अपर हाऊस में भेजना चाहती है,तो किसी को ऐतराज नहीं होनी चाहिए। अरविंद केजरीवाल की अब दिल्ली या पंजाब से एमएलए बनने की कोई ख्वाहिश नहीं रखते हैं और न ही आप की केंद्रीय काउंसिल चाहती है। केजरीवाल की पार्टी के आला नेता भी उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में देखना चाहते हैं। दूसरी ओर विपक्ष दल मौजूदा समय में बिखरे-बिखरे से नज़र आ रहे हैं। इसी टूट का लाभ उठाकर एनडीए ने हरियाणा से लेकर दिल्ली तक अपनी सरकार बना ली हैं। यह बात दीगर है, एनडीए ने हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, तो हाल ही में दिल्ली में भाजपा ने ढाई दशक बाद अपनी सरकार बनाने में कामयाब रही है।2025 के अंत में बिहार की 243 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 26 के मिड में वेस्ट बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम में चुनाव होंगे, लेकिन इंडिया गठबंधन को एक नेशनल कन्वीनर की दरकार है। इंडी गठबंधन को आतुर बिहार के सीएम नीतीश कुमार तो चुनाव से पूर्व ही विपक्ष को झटका देकर फिर से भाजपा की शरण में चले गए थे। वेस्ट बंगाल की सीएम सुममता बनर्जी इंडी में शामिल ही नहीं हुई थीं। दिल्ली में कांग्रेस का तीसरी बार सूपड़ा साफ होने पर इंडी दलों को एनर्जेटिक नेशनल कन्वीनर की दरकार है।

**( लेखक सीनियर जर्नलिस्ट और रिसर्च स्कॉलर हैं )**

> 2025 के अंत में बिहार की 243 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 2026 के बीच में वेस्ट बंगाल, केरल तमिलनाडु, असम में चुनाव होंगे लेकिन इंडिया गठबंधन को एक नेशनल कन्वीनर की दरकार है, इंडिया गठबंधन को आतुर बिहार के सीएम नीतिश कुमार तो चुनाव से पूर्व ही विपक्ष को झटका देकर फिर से भाजपा की शरण में चले गए थे वेस्ट बंगाल की सीएम ममता बनर्जी गठबंधन में शामिल ही नहीं हुई थीं




# स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार है मुलेठी...

> स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है, यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है

**हम** सभी अपनी स्किन को ग्लोइंग तो बनाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स पर निर्भर रहना बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। केमिकल्स आपका कुछ देर के लिए भले ही अच्छा दिखाने में मदद करें, लेकिन लंबे समय में ये आपकी स्किन को नुकसान ही पहुंचाते हैं। ऐसे में कुछ नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हीं में से एक है मुलेठी। स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग-धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है। अगर आप मुलेठी के स्किन बेनिफिट्स का लाभ उठाना चाहते हैं तो ऐसे में इसे कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करें। आप मुलेठी से फेस मास्क से लेकर टोनर तक बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कि ग्लोइंग स्किन के लिए मुलेठी का इस्तेमाल किन तरीकों से किया जाए।

### मुलेठी से बनाएं फेस पैक...

मुलेठी की मदद से स्किन ब्राइटनिंग फेस पैक बनाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए आपको मुलेठी पाउडर के अलावा कच्चे दूध व शहद की जरूरत होगी।

### आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक बड़ा चम्मच दही या कच्चा दूध
- आधा छोटा चम्मच शहद

### फेस पैक बनाने का तरीका

- फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में सारी सामग्री डाल दें
- अब इसे अच्छी तरह मिक्स करके चिकना पेस्ट बना लें
- स्किन साफ करें और इसे अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं
- इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें

**रोजाना इस्तेमाल के लिए मुलेठी टोनर**

एक ब्राइटनिंग और रिफ्रेशिंग स्किन पाने के लिए मुलेठी की मदद से टोनर भी बनाया जा सकता है। आप इसे हर दिन इस्तेमाल कर सकती हैं।

### आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक कप पानी
- टोनर बनाने का तरीका
- मुलेठी पाउडर को पानी में उबालें और इसे ठंडा होने दें
- अब इसे छानकर एक स्प्रे बोतल में भरकर रख लें
- अपना चेहरा साफ करने के बाद हर दिन टोनर की तरह इस्तेमाल करें

### मुलेठी से बनाएं स्क्रब

**यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाता है जिससे स्किन में तुरंत चमक आती है यह स्क्रब ब्राइटनिंग स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है**

### आवश्यक सामग्री...

- एक बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
- एक बड़ा चम्मच बेसन
- थोड़ा दही या गुलाब जल

### स्क्रब बनाने का तरीका...

- स्क्रब बनाने के लिए मुलेठी पाउडर, बेसन व गुलाब जल डालकर मिक्स करें
- अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और
- सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें इसे धोने से पहले इसे 20 मिनट के लिए छोड़ दें





# महाकुंभ-एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ...

**( प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्लॉग से )**

महाकुंभ संपन्न हुआ,एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया।

### ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था...


यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं।

### संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार लगातार बढ़ता रहा...

हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था-संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पालिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

### मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...

स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है। इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकार्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई। आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है। महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत् जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे। इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था। 144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है-विकसित भारत का। जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है। आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं।



# इम्यूनिटी को करना है बूस्ट तो खाली पेट पीएं ये ड्रिंक्स

हम सभी बीमारियों से कोसों दूर रहना चाहते हैं लेकिन आज के समय में हर किसी का लाइफस्टाइल कुछ ऐसा हो गया है कि हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी की जद में रहता ही है। सीजनल एलर्जी से लेकर कब्ज व पेट दर्द तक, कई समस्याएं व्यक्ति को हमेशा घेरे रहती हैं। ऐसे में अक्सर व्यक्ति दवाइयों पर ही निर्भर रहता है। जबकि अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी सेहत का ख्याल रख सकती हैं। जी हां, ऐसी कई मॉर्निंग ड्रिंक्स होती हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मददगार साबित हो सकती हैं। जिसकी वजह से आपकी सेहत पर पॉजिटिव असर पड़ता है और इम्यूनिटी बूस्टअप होने से आप बार-बार बीमार नहीं पड़ते हैं।

### अदरक-तुलसी की चाय ...

अदरक में एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं जो संक्रमण से लड़ते हैं। वहीं, तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है। अदरक-तुलसी की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक कप पानी उबालें। अब इसमें कद्दूकस किया हुआ अदरक और 5-6 तुलसी के पत्ते डालें। अब इसे 5 मिनट तक उबलने दें। छानें और गर्म पिएं।

### नींबू-दालचीनी का पानी

इम्यूनिटी बूस्टिंग के लिए आप मॉर्निंग ड्रिंक के रूप में नींबू दालचीनी का पानी पीएं। नींबू में विटामिन सी की मात्र अधिक होती है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। वहीं दूसरी ओर, दालचीनी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो संक्रमण से बचाते हैं। नींबू दालचीनी पानी बनाने के लिए सबसे पहले पानी को गर्म करें। अब उसमें एक नींबू का रस और 1/4 चम्मच दालचीनी पाउडर डालें।

### जीरा पानी...

जीरा एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो ना केवल पाचन में सुधार करता है, बल्कि इससे इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। जीरा पानी बनाने के लिए सबसे पहले 1 चम्मच जीरा को 1 गिलास पानी में रात भर भिगो दें। सुबह पानी को उबालकर छान लें और गर्मागर्म पिएं।

### चुकंदर-गाजर का जूस

चुकंदर और गाजर दोनों ही विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और बीटा-कैरोटीन से भरपूर होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को बूस्टअप करने में मददगार है। अगर आप इस जूस का सेवन करते हैं तो लिवर को डिटॉक्स करने से लेकर रेड ब्लड सेल्स को बूस्ट करने और स्किन हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है। इस जूस को बनाने के लिए 1 चुकंदर, 1 गाजर, आधा इंच अदरक और आधा नींबू का ररस पानी के साथ डालकर ब्लेंड करें।

# यूएई: रमज़ान में अब सिर्फ तीन घंटे काम

## आठ घंटे की शिफ्ट सिर्फ पांच से तीन घंटे ही चलेगी



**नई दिल्ली।** रमजान का पवित्रा महीने 1 मार्च से शुरू होने जा रहा है। पूरी दुनिया में इसको लेकर तैयारियां जारी हैं। इस पूरे महीने के दौरान मुसलमान रोजा रखते हैं, जिसमें वह करीब 13 से 14 घंटे बिना कुछ खाए-पिए रहते हैं। यूएई की सरकार ने इस मौके पर नौकरीपेशा लोगों के लिए खास कदम उठाया है। पोस्ट किए गए एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि अपने काम की जरूरतों और प्रकृति के मुताबिक कंपनियां रमजान के दौरान काम के घंटों को कम कर सकती हैं। यूएई सरकार के बयान के मुताबिक यूएई में रमजान के दौरान 8 घंटे की शिफ्ट न होकर सिर्फ 5 से 3 घंटे की ही रहेगी। रमजान में शुक्रवार के दिन शिफ्ट 9 बजे से 12 बजे तक होगी और बाकी दिन 9 बजे से 2:30 पीएम तक काम किया जाएगा।



यूएई सरकार ने कंपनियों को अपने 70 फीसद स्टाफ को वर्क फ्रॉम होम देने की भी इजाजत दी है। ये सभी रियायतें देने के पीछे सरकार का मकसद रमजान के दौरान कर्मचारियों की प्रोडक्टिविटी और हेल्थ का ध्यान रखना है।

यूएई के अलावा सऊदी, कतर आदि ने भी ऐसे ही कदम उठाए हैं। सऊदी अरब में 10 बजे से 3 बजे तक ही दफ्तरों में काम होगा, वहीं भारत में भी कुछ राज्य सरकारों ने मुस्लिम कर्मचारियों के लिए काम के घंटों में कटौती की है। यूएई में इस साल लगभग 13 से 14 घंटों का रोजा होगा। जिसमें रोजेदार मुसलमान सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक बिना कुछ खाए और पिए रहते हैं। रमजान के दौरान मुसलमान नमाज, तरावीह और कुरआन भी पाबंदी से पड़ते हैं और गलत काम से परहेज करते हैं।



# AI ट्रम्प ने दिखाया भविष्य का गाजा

- एआई जनरेटेड वीडियो में मस्क-नेतन्याहू के साथ मस्ती करते नजर आए, ट्रम्प गाजा नाम दिया
- गाजा शहर में ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं, केसीनों और बीच पर लोग डांस कर रहे
- हमास ने ट्रम्प द्वारा जारी वीडियो की निंदा की



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा का एक एआई जनरेटेड वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में गाजा में ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं। केसीनों और बीच पर लोग डांस कर रहे हैं। ट्रम्प इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और इलॉन मस्क के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। दरअसल ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि वो गाजा को अमेरिकी कब्जे में लेकर वहां रिसार्ट सिटी बनाना चाहते हैं। ट्रम्प का कहना है कि यह पश्चिमी एशिया के लिए रोजगार और टूरिज्म का सेंटर बनेगा। उनका कहना है कि गाजा बारूदी सुरंगों और आतंकी गुफाओं से पटा पड़ा है। पूरे गाजा को समतल करके वहां इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जाएगा। इजरायली पीएम ने ट्रम्प के इस प्लान का सपोर्ट किया है, जबकि मिडिल ईस्ट के कई देश इसका विरोध जता चुके हैं। वहीं चीन और ताइवान आमने-सामने हैं। हाल में अमेरिका ने ताइवान को शह दी है। दिसम्बर 2024 में ताइवान को अमेरिका ने अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को 57.13 करोड़ डालर की सहायता दी है। अमेरिका ने 29 करोड़ डालर का हथियार भी ताइवान को बेचने की बात कही है। इसके बाद से ही ताइवान चीन के खिलाफ मुखर है। हाल ही में चीनी सैनिक समुंदर के भीतर ताइवान के केबल काट रहे थे, जिसे ताइवान ने पकड़ लिया। दोनों की सीमा पर अभी तनाव के माहौल है। अगर चीन ताइवान से उलझता है तो काफी पीछे चला जाएगा। ऐसा पहली बार नहीं है जब अमेरिका अपने दुश्मन को किसी ओर से जंग में उलझाकर अपने हित साध रहा हो। 2022 में बाइडेन ने इसी तरह यूक्रेन को शह देकर रूस से लड़वा दिया था। जिसके बाद रूस आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ता गया और अमेरिका को खूब फायदा मिला है। अब ट्रम्प चीन के साथ कुछ ऐसा ही कर रहे हैं। पहले अमेरिका और रूस के बीच सैन्य ताकत के साथ-साथ आर्थिक ताकत की भी जंग चल रही थी। फिर रूस ने यूक्रेन पर हमला किया और अमे. रिका ने यूक्रेन की मदद कर उसके एक लंबे युद्ध में डाल दिया और तमाम तरह के आर्थिक प्रतिबंध भी लगाए। अब अमेरिका चीन के साथ भी कुछ ऐसा ही कर रहा है। चीन का ताइवान के साथ तनाव चरम पर है और अमेरिका ने ताइवान को हथियार और सुरक्षा गारंटी दी है, अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो ताइवान अमेरिकी मदद से चीन के साथ लंबी लड़ाई लड़ेगा। दूसरी और ट्रम्प ने चीन पर 10 फीसद टैरिफ और लगा दिया है। ऐसे में चीन जंग और आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका का मुकाबला नहीं कर पाएगा। ट्रम्प को भरोसे वाला दोस्त नहीं माना जाता है, उन्होंने यूक्रेन युद्ध में भी जेलेंस्की को अकेला छोड़ दिया है और अब रूस से वार्ता शुरू कर दी है।

## हमास ने ट्रम्प द्वारा साझा किए वीडियो की निंदा की

**गाजा।** हमास ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा साझा किए गए उस वीडियो की निंदा की है, जिसमें गाजा को समुद्र तटीय रिसोर्ट में बदलने के उनके दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया है। हमास ने उन पर फिलिस्तीनी अधिकारों और सांस्कृतिक पहचान की अनदेखी करने का आरोप लगाया। नैम ने एक बयान में कहा कि दुर्भाग्य से, ट्रम्प ऐसे विचारों को फिर से पेश कर रहे हैं जो फिलिस्तीनी लोगों की संस्कृति और हितों को ध्यान में नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि गाजा का पुनर्निर्माण तब तक निरर्थक होगा, जब तक कि इजरायल द्वारा लगाए गए खुले जेल को समाप्त नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जेल की स्थितियों में सुधार करना नहीं है। बल्कि कब्जे को समाप्त करना और इससे मुक्त होना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी वास्तविक प्रगति एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना से जुड़ी है।

# सैलरी न मिलने पर ओमान से नाव लेकर भागे भारतीय




**जीपीएस की मदद से 3000 किमी का समुद्री सफर तय किया**

**कुल मिलाकर 6 दिन का सफर किया तय**

**बाद में कर्नाटक के उडुपी तट के पास पकड़े गए**

**मस्कट।** ओमान में काम कर रहे तीन भारतीय सैलरी न मिलने से परेशान होकर भारत के लिए भाग निकले। देश वापस लौटने के लिए उन्होंने समुद्र का रास्ता चुना और एक नाव चुरा ली। उन्होंने नाव के जरिए 3000 किमी का सफर भी तय कर लिया था, लेकिन 6 दिन बाद भारतीय कोस्टगार्ड ने उन्हें कर्नाटक के उडुपी तट के पास पकड़ लिया गया। तीनों को सोमवार को उडुपी की अदालत में पेश किया गया था और जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस घटना की जानकारी अब सामने आई है। जेम्स फ्रैंकलिन मोसेस (50), राबिनस्टन (50) और डेरोज अल्फांसो (38) तमिलनाडु के रहने वाले हैं। तीनों ओमान में एक मछली पकड़ने वाली कंपनी में काम कर रहे थे। यहां उन्हें समय पर सैलरी नहीं मिल रही थी और उन्हें परेशान किया जा रहा था। ऐसे में तीनों ने घर वापस लौटने का मन बनाया, लेकिन ओमान की कंपनी ने इन लोगों का पासपोर्ट जब्त कर लिया था, इसलिए इनके पास घर लौटने के लिए समुद्र के रास्ते आने के अलावा कोई जरिया नहीं था। तीनों एक मछली पकड़ने वाली नाव लेकर भाग निकले। तीनों 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे ओमान के पूर्वी हिस्से में दुकम बंदरगाह से निकले। 6 दिन का सफर तय कर 23 फरवरी को उडुपी के सेंट मैरी आईलैंड के पास नाव से भारतीय जलक्षेत्र में दाखिल हुए। ओमान की नाव देखकर एक लोकल मछुआरे ने इस बारे में तटीय सुरक्षा पुलिस को जानकारी दी। तीनों भारतीय इसी नाव की मदद से 3 हजार किमी का सफर करके भारतीय सीमा में पहुंचे थे। जानकारी मिलते ही भारतीय तटरक्षक और तटीय सुरक्षा पुलिस ने शाम करीब 4:30 बजे सेंट मैरी आईलैंड के पास से तीनों को पकड़ लिया। सभी पर पासपोर्ट एक्ट 1920 की धारा 3 और भारतीय समुद्री क्षेत्र एक्ट 1981 की धारा 10, 11 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि ये लोग सिर्फ एक जीपीएस डिवाइस की मदद से लगभग 3000 किलोमीटर का समुद्री सफर तय करके करवार तट के रास्ते सेंट मैरी द्वीप पहुंचे थे। तटीय सुरक्षा पुलिस के SP मिथुन HN ने इस मामले में किसी भी आतंकी एंगल से इन्कार किया है।

# एआई अपनाने में तेजी ला रहीं कंपनियां

**ऐसे में कंपनियों के लिए कुशल एआई प्रतिभाएं खोज पाना काफी टेढ़ी खीर साबित होगा। 98 प्रतिशत कारोबारियों का कहना है कि 2025 में एआई अपनाना उनकी प्राथमिकता है।**



**नई दिल्ली।** देश की अधिकांश कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को अपनाने में तेजी ला रही है लेकिन कुशल प्रतिभाओं को पाना बहुत मुश्किल होता जा रहा है। दो साल बाद, जनरेटिव एआई एक चर्चा का विषय से एक व्यावसायिक अनिवार्यता में बदल गया है और भारतीय उद्योग इसकी क्षमता को अपना रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर नेटवर्क लिक्डइन के नए शोध के अनुसार भारत में 98 प्रतिशत कारोबारियों का कहना है कि 2025 में अपने संगठनों को एआई अपनाने में तेज़ी लाने में मदद करना उनकी रणनीतिक प्राथमिकता है। हालांकि, सही कौशल वाले प्रतिभाओं को ढूंढना एक चुनौती बनी हुई है।भारत में लगभग 5 में से 3 भर्तीकर्ताओं के लिए एआई और मानव कौशल का सही मिश्रण ढूंढना एक चुनौती है।

लिक्डइन शोध के अनुसार भारत में 54 प्रतिशत एचआर पेशेवरों ने बताया कि उन्हें मिलने वाले नौकरी के आवेदनों में से केवल आधे या उससे भी कम आवेदन सभी आवश्यक और पसंदीदा योग्यताओं को पूरा करते हैं। सही तकनीकी (61 प्रतिशत) और सॉफ्ट स्किल (57 प्रतिशत) वाले उम्मीदवारों को ढूंढना उनकी सबसे बड़ी भर्ती चुनौती बनी हुई है।

भारत में सबसे मुश्किल से मिलने वाले कौशल में तकनीकी/आईटी कौशल जैसे कि सॉफ्टवेयर विकास, इंजीनियरिंग (44 प्रतिशत), एआई कौशल (34 प्रतिशत) और संचार और समस्या-समाधान (33 प्रतिशत) जैसे सॉफ्ट स्किल शामिल हैं। कंपनियां 2025 में चुनिंदा भर्ती कर रही हैं। भारत में एचआर पेशेवरों ने यह भी कहा कि उन्हें ऐसे उम्मीदवारों से बहुत अधिक आवेदन (47 प्रतिशत) मिलते हैं जो उस भूमिका के लिए उपयुक्त नही हैं (41 प्रतिशत) और 2025 में वे अधिक चुनिंदा भर्ती कर रहे हैं। भारत में आधे से अधिक एचआर पेशेवरों का कहना है कि वे केवल उन उम्मीदवारों तक पहुंचने (55 प्रतिशत) और भर्ती (54 प्रतिशत) पर विचार करेंगे जो 80 प्रतिशत या उससे अधिक नौकरी योग्यताएं पूरी करते हैं। भारत में 10 में से 8 से अधिक (84 प्रतिशत) एचआर पेशेवर 2025 के लिए कर्मचारियों को नए कौशल विकसित करने में मदद करने को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं, जिसमें एआई (84 प्रतिशत) में कौशल विकास और संचार और सहयोग (82 प्रतिशत) जैसे आवश्यक सॉफ्ट स्किल पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह भावना भारत में सर्वेक्षण किए गए सभी (100 प्रतिशत) एल एंड डी पेशेवरों द्वारा दोहराई गई है, जो इस बात से सहमत हैं कि सॉफ्ट स्किल (जैसे रचनात्मकता, जिज्ञासा और संचार) तकनीकी विशेषज्ञता के समान ही महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। लगभग आधे (48 प्रतिशत) भारतीय उद्योग का यह भी कहना है कि एआई प्रशिक्षण के लिए सीखने और विकास में निवेश करना अपनाने में तेज़ी लाने की कुंजी होगी।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108